www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

पटना
वर्ष: 24 अंक 14
गुरूवार 8 मई, 2025

तापमान
अधिकतम 36°C
न्यूनतम 27°C

मूल्य 3 रुपए | पृष्ठ-08 | बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# ऑपरेशन सिंदूर: भारत ने पहलगाम हमले का लिया बदला

## 25 मिनट में ताबड़तोड़ हमले, पाक व पीओके में आतंकवादियों के नौ ठिकाने ध्वस्त

**नयी दिल्ली, 7 मई।** पहलगाम में निर्मम आतंकवादी हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को चुन चुन कर मारने के सरकार के संकल्प को पूरा करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में 25 मिनट तक ताबड़तोड़ हमले कर नौ आतंकवादी ठिकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर आतंकवादियों के नेटवर्क की कमर तोड़ दी। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री, सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में देश को छह और सात मई की दरमियानी रात को एक बज कर पांच मिनट से डेढ़ बजे तक चले ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी।

ब्रीफिंग से पहले एक स्लाइड में बताया गया कि पाकिस्तान कई दशकों से आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और आतंकवादियों के हमलों में अब तक करीब 350 आम लोग और 600 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गये हैं। ऑपरेशन सिंदूर में जिन नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया है उनमें से चार पाकिस्तान में और पांच




पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में हैं। इन ठिकानों पर आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय, भर्ती , प्रशिक्षण केन्द्र और लांच पैड़ हैं। मिस्त्री ने जोर देकर कहा कि बीती रात सीमा पार की गई कार्रवाई नपी तुली, गैर उकसावे वाली एवं जिम्मेदारी थी जिसका उद्देश्य आतंकवादी ढांचे को नेस्तनाबूद करना और आतंकवादियों को आगे किसी भी ऐसी हरकत के लिए अक्षम बनाना था। इस कार्रवाई में पाकिस्तान के किसी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया।

इसमें निर्दोष लोगों की जान नहीं गयी और न ही उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई 25 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पहलगाम हमले के बाबत जारी बयान की

### कार्रवाई

- जैश हेडक्वार्टर में आतंकी मसूद अजहर के दस रिश्तेदारों की मौत
- भारत ने जैश, लश्कर और हिजबुल मुजाहिद्दीन के ठिकाने तबाह किए, भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच विमान सेवाएं प्रभावित
- पहलगाम हमले में जान गंवाने वालों के परिजनों ने सेना को किया सलाम
- अमेरिका ने कहा भारत पाकिस्तान की स्थिति पर नजर बनाए हुए

भावना के अनुरूप है। विदेश सचिव ने कहा, पाकिस्तान आधारित आतंकवादी मॉड्यूल पर हमारी खुफिया निगरानी से संकेत मिला था कि भारत पर आगे भी हमले हो सकते हैं, अतः इन्हें रोकना और इसने निपटना दोनों को बेहद आवश्यक समझा गया।

आज सुबह भारत ने इस तरह के सीमा पार हमलों का जवाब देने और उन्हें रोकने तथा उनका प्रतिरोध करने के अपने अधिकार का प्रयोग किया है। मिस्त्री ने कहा कि 25 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रेस वक्तव्य में टीआरएफ के संदर्भ को हटाने के लिए पाकिस्तान के दबाव पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। पहलगाम आतंकी हमले की जांच से पाकिस्तान के साथ आतंकवादियों के संपर्क उजागर हुए हैं।

विदेश सचिव ने पहलगाम हमले की पृष्ठभूमि की पूरी जानकारी दी और कहा, 22 अप्रैल 2025 को लश्कर-ए-तैयबा से संबंधित पाकिस्तानी और पाकिस्तान प्रशिक्षित आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमला किया और 25 भारतीय नागरिकों और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी... उन्होंने लोगों को उनके परिवार के सदस्यों के सामने सिर में गोली मारी।

## पीएम ने राष्ट्रपति से मुलाकात कर ऑपरेशन सिंदूर की दी जानकारी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात कर उन्हें पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत की ऐतिहासिक सैन्य कार्रवाई के लिए चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में नौ आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया।

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी। राष्ट्रपति भवन ने दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीर एक्स हैंडल पर साझा करते हुए लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

## भारतीय सशस्त्र बलों पर हमें गर्व : खरगे

**नई दिल्ली, 7 मई।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना के पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में की गई जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर कांग्रेस कार्यसमिति की बुधवार को विशेष बैठक हुई। पार्टी ने सेना के पराक्रम की सराहना की और कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सशस्त्र सेनाओं के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।

पार्टी मुख्यालय पर पत्रकारों को दिए वक्तव्य में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमारे भारतीय सशस्त्र बलों पर हमें गर्व है, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर साहसिक कार्रवाई करते हुए मुंहतोड़ जवाब दिया है। हम अपने जांबाज सैनिकों के साहस,



- आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्रवाई का कांग्रेस ने किया समर्थन
- भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध : शाह

दृढ़ संकल्प और राष्ट्रभक्ति को सलाम करते हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने सशस्त्र बलों और सरकार के साथ एकजुटता से खड़े होकर सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हर निर्णायक कार्रवाई का समर्थन किया है। उन्होंने आगे कहा कि पाक की ओर से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के सभी रूपों के विरुद्ध भारत की राष्ट्रीय नीति स्पष्ट और अडिग है।

### विश्व आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर काम करे : विदेश मंत्री

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर पर भारत के हमलों के संदर्भ में कहा है कि दुनिया को आतंकवाद पूरी तरह अस्वीकार करने की नीति पर काम करना चाहिए। अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से एक लाइन में विदेश मंत्री ने कहा, दुनिया को आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति दिखानी चाहिए।


## पाकिस्तान को करारा जवाब : राजनाथ

**नई दिल्ली, 7 मई।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने कल रात ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च करके आतंकियों को प्रशिक्षण देने वाले शिविरों को तबाह कर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। भारत ने अपनी सरजमीं पर हुए हमले का जवाब देने के लिए अपने अधिकारों का इस्तेमाल किया है। हमारी यह कार्रवाई बेहद सोच-समझकर सधे हुए तरीके से की गई है।

आतंकियों के हौसले पस्त करने के उद्देश्य से यह कार्रवाई महज उनके शिविरों और अन्य ढांचों तक ही सीमित रखी गई है। पाकिस्तान के आतंकी शिविरों को नष्ट किये जाने के बाद रक्षा मंत्री शाम को नई दिल्ली में 66वें बीआरओ दिवस समारोह में शामिल हुए। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से 50 प्रमुख बीआरओ परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

इनमें 6 राज्यों और 2 केंद्रशासित प्रदेशों में 17 सड़कें, 30 पुल और 3 अन्य कार्य शामिल हैं, जिनका निर्माण 1879 करोड़

### उद्घाटन



- वर्चुअल माध्यम से 50 प्रमुख बीआरओ परियोजनाओं का उद्घाटन किया

रुपये की लागत से किया गया है। आज जम्मू कश्मीर, लद्दाख, सिक्किम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और राजस्थान में कई परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ है। हमें जो सड़कें दिखती हैं, जो पुल दिखते हैं, वह सिर्फ दो स्थानों को जोड़ने वाले नहीं होते हैं, बल्कि वह लोगों के दिलों को जोड़ने वाले होते हैं।

उन्होंने समारोह में कहा कि सेना ने अपने शौर्य एवं पराक्रम का परिचय देते हुए एक नया इतिहास लिख दिया है। भारत की सेना ने सटीकता, सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ करवाई की है। हमने जो लक्ष्य तय किये थे, उन्हें ठीक तय योजना के अनुसार सटीकता से ध्वस्त किया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में ही बीआरओ का बजट लगभग दोगुना हो गया है, जिससे सीमा पर बुनियादी ढांचों के विकास में रिकॉर्ड तोड़ प्रगति हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 में बीआरओ ने 16,600 करोड़ रुपये का उल्लेखनीय व्यय किया है, जो अपने आप में ऐतिहासिक है।

## पंजाब के पांच जिलों के स्कूल-कॉलेज बंद

### अमृतसर हवाई अड्डे पर विमानों का संचालन बंद पंजाब के मुख्यमंत्री ने अपने कार्यक्रम किए रद्द

**चंडीगढ़।** भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर चलाने के बाद पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस ने बीएसएफ के साथ मिलकर गश्त बढ़ा दी है। पंजाब के पांच जिलों में शिक्षण संस्थानों और करतारपुर साहिब कॉरिडोर को भी बंद कर दिया गया है।मुख्यमंत्री भगवंत मान और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल के कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हमला कर 26 पर्यटकों की हत्या के बाद से दोनों देशों के बीच तनाव चल रहा है। केन्द्र सरकार ने कई प्रतिबंध लागू किए गए हैं। बीती रात भारत ने पाकिस्तान स्थित कई आतंकी ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई की है। इसके बाद पंजाब के अमृतसर, गुरदासपुर, पठानकोट, फाजिल्का तथा फिरोजपुर जिलों में सामान्य की भांति आज सुबह बच्चे स्कूलों में आए लेकिन उन्हें वापस भेज दिया गया और स्कूल बंद कर दिए गए। पंजाब सरकार के साथ बातचीत के बाद जिला उपायुक्तों ने शिक्षण संस्थानों में छुट्टी का फैसला लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में रेड अलर्ट घोषित

**लखनऊ, 7 मई (तरुणमित्र)।** पहलगाम में आतंकी हमले का जवाब देते हुए भारतीय सेना ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया और आतंकियों के नौ ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है। इसके बाद उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट जारी किया गया है। यूपी डीजीपी के एक्स पर जारी किए गए बयान में कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट घोषित किया गया है। यूपी पुलिस की सभी फील्ड इकाइयों को रक्षा बलों से समन्वय स्थापित करने एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए हैं

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच में मिले दस्तावेज पाने का आरोपित को हक : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, 7 मई।** सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि आरोपित को जांच के दौरान मिले दस्तावेजों और बयानों की प्रति पाने का हक है, लेकिन ईडी की ओर से अभियोजन शिकायत के दाखिल होने के बाद आरोपित को उन्हें छोड़ना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आरोपित को जानने का हक है कि किन दस्तावेजों पर अभियोजन की ओर से भरोसा नहीं किया गया ताकि वो बचाव की बारी आने पर उन दस्तावेजों की मांग कर सके।

### बीकानेर में ज्वेलरी शॉप में सिलेंडर ब्लास्ट, तीन की मौत

**बीकानेर, 7 मई।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में बुधवार को एक ज्वेलरी शॉप में एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि कुछ के अभी भी अंदर फंसे होने की आशंका है। पुलिस और स्थानीय लोग लगातार रेस्क्यू कर रहे हैं। ब्लास्ट इतना भीषण था कि शॉप में रखा सामान सड़क तक उड़कर आ गया। घटना में घायल पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सिटी कोतवाली के पास स्थित मथुरा मार्केट में हुई है। जानकारी के अनुसार, मथुरा मार्केट में स्थित बिल्डिंग में कई छोटी-छोटी शॉप हैं, जहां सोने-चांदी के गहने बनाए जाते हैं।

## पुंछ में पाक की भारी गोलाबारी में 12 की मौत, 57 घायल

**जम्मू/श्रीनगर, 7 मई।** पाकिस्तानी सेना ने बुधवार को जम्मू एवं कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास अग्रिम गांवों को निशाना बनाकर भारी तोपखाने और मोर्टार से गोलाबारी की, जिसमें चार बच्चों समेत कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 57 घायल हो गए हैं।

भारतीय सेना गोलाबारी का मुंहतोड़ जवाब दे रही है, जिसमें पाकिस्तान के कई लोग हताहत हुए हैं और उनकी कई चौकियां नष्ट हो गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए मंगलवार-बुधवार की रात

### निशाना

- भारत की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान की कई चौकियां नष्ट
- जम्मू हवाई अड्डे को अगले नोटिस तक नागरिक उड़ानों के लिए बंद

को हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी सेना ने सुबह एलओसी के पास अग्रिम गांवों को निशाना बनाकर भारी तोपखाने और मोर्टार से गोलाबारी की। हालांकि भारतीय सेना गोलाबारी का मुंहतोड़ जवाब दे रही है, लेकिन दुश्मन पक्ष के कई लोग हताहत हुए हैं और गोलीबारी में शामिल उनकी कई चौकियां नष्ट हो गई हैं।

अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी गोलाबारी से सबसे ज्यादा नुकसान पुंछ जिले में हुआ है, जहां 12 नागरिक मारे गए हैं और 42 लोग घायल हुए हैं। इनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई गई है। पाकिस्तान की ओर से की गई अंधाधुंध गोलाबारी से सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों में दहशत फैल गई है जिन्हें मजबूरन भूमिगत बंकरों में शरण लेनी पड़ी है या अपने गांवों के अंदर या बाहर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा है। उन्होंने बताया कि पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास बालाकोट, मेंढर, मनकोट, कृष्णा घाटी, गुलपुर, केरनी और पुंछ जिला मुख्यालय से भी गोलाबारी की खबर मिली है जिससे दर्जनों रिहायशी घरों को नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों के मुताबिक पाकिस्तानी गोलाबारी में बलविंदर कौर उर्फ रूबी (33), मोहम्मद जैन खान (10), उनकी बड़ी बहन जोया खान (12), मोहम्मद अकरम (40), अमरीक सिंह (55), मोहम्मद इकबाल (45), रंजीत सिंह (48), शकीला बी (40), अमरजीत सिंह (47), मरियम खातून (7), विहान भार्गव (13) और मोहम्मद रफी (40) की मौत हुई है।

## पटना सहित बिहार के छह जिलों में हुआ मॉक ड्रिल का आयोजन

**पटना , 07 मई।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच आज देश भर में हवाई हमले की स्थिति में खुद को बचाव की तैयारी के लिए मॉक ड्रिल (रिहर्सल) का आयोजन किया गया । बिहार के 6 जिलों में मॉक ड्रिल को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शाम 6.58 बजते ही शहरी क्षेत्रों में हमले की चेतावनी देते हुए सायरन बजाए गए।

सायरन बजते ही पटना, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज और बेगूसराय में बिजली काट दी गई। 7 बजकर 10 मिनट तक पावर कट रहा। इस दौरान लोगों से घर-दुकानों में इन्वर्टर से भी लाइट न जलाने की अपील की गई थी। सड़क पर वाहनों



को रुकवाकर उनकी लाइटें बंद करवाई गई ।

पटना के महावीर मंदिर की लाइट आधा घंटा पहले ही बंद कर दी गई थी। बिहार की औद्योगिक नगरी बेगूसराय में मॉक ड्रिल के तहत शहर में 10 मिनट तक ब्लैकआउट रहा। सायरन बजने के बाद शहर की बिजली काट दी गई। लोगों ने भी अपने घरों की इन्वर्टर से लाइट बंद कर दी।

## सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद को सेवा विस्तार

**नई दिल्ली, 7 मई।** केंद्र सरकार ने सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद के कार्यकाल का विस्तार किया है। सरकार ने उनके कार्यकाल को एक साल के लिए बढ़ाया है। इससे पहले सोमवार को अगले सीबीआई निदेशक की नियुक्ति के लिए पीएमओ में बैठक हुई थी। जिसमें मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल हुए थे। केंद्र सरकार ने बुधवार को सीबीआई निदेशक प्रवीन सूद का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया। सूद ने 25 मई 2023 को दो वर्ष की अवधि के लिए सीबीआई निदेशक का पदभार संभाला था। एक साल के सेवा विस्तार के बाद वह इस पद पर मई 2026 तक बने रहेंगे।सरकार की ओर से जारी बयान में मुताबिक, उनके कार्यकाल को बढ़ाने का निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई चयन समिति की बैठक में लिया गया। इस समिति में भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल थे।

### योगी सरकार को शराब पॉलिसी बदलने का मिला फायदा

## नई नीति से सरकार ने कमाए 4300 करोड़

▪ हरिमोहन विश्वकर्मा

**लखनऊ, 7 मई।** उप्र की योगी सरकार के लिए उत्तर प्रदेश में नई शराब नीति लाभकारी हो रही है। रिटेल शराब व्यापार में आबकारी विभाग ने अप्रैल महीने में ही बंपर कमाई की है। बीते साल की तुलना में आबकारी विभाग को 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा का राजस्व प्राप्त हुआ है। अप्रैल में आबकारी विभाग को 4319 करोड़ रुपये का शुल्क मिला, ये बीयर, आईएमएफएल और देशी शराब की बिक्री से इकट्ठा हुआ है।

पिछले साल अप्रैल महीने में यही राजस्व मात्र 3313 करोड़ रुपये था। नई शराब नीति के चलते प्रदेश में बीयर और शराब की मिश्रित दुकानें शुरू की गईं, इससे रोजाना की बिक्री और आमदनी में बढ़ोतरी हुई है। आबकारी विभाग के अधिकारियों के मुताबिक कई नई

### लाभ

- पिछले साल अप्रेल में सरकार को मिला था 3300 करोड़ राजस्व
- नई शराब नीति में बियर और अंग्रेजी शराब की खुली कंपोजिट दुकानें
- व्यापारियों ने भी नई शराब नीति को बताया बेहतर

लाइसेंस कैटेगरी शुरू करने के साथ कम लाइसेंस शुल्क पर कम अल्कोहल वाले पेय पदार्थों की पेशकश के लिए जगह बनाई गई है। इस बीच कई ऐसी कठिनाइयों को कम या खत्म किया गया है, जिनसे व्यापार करने में आसानी हो, उनका कहना है कि अवैध शराब के खिलाफ जारी कार्रवाई से भी इसमें फर्क पड़ा है। नई शराब नीति में कई उपाय राजस्व बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। प्रदेश में नई शराब नीति से अप्रैल में आबकारी विभाग को 1000 करोड़ रुपये से अधिक अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ है। मिश्रित शराब दुकानों और कम लाइसेंस शुल्क जैसी नीतियों से बिक्री में उल्लेखनीय इजाफा हुआ है, अवैध शराब पर कार्रवाई ने भी राजस्व में योगदान दिया है, इससे सरकार को आर्थिक लाभ हुआ है।

आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल का कहना है कि राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए आबकारी विभाग बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। आबकारी विभाग के मुताबिक 2025-26 वित्तीय वर्ष के पहले महीने में अपने साल-दर-साल राजस्व में 30 फीसदी की बढ़ोतरी की है।

## जांच समिति ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ आरोपों की पुष्टि की


**नई दिल्ली, 7 मई।** नकदी मिलने के बाद चर्चा में आए दिल्ली हाई कोर्ट के जज रहे जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ गठित तीन सदस्यीय जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि की है कि नकदी बरामद की गयी थी।

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने जस्टिस यशवंत वर्मा को इस्तीफा देने की सलाह दी है। चीफ जस्टिस खन्ना ने जांच समिति की रिपोर्ट जस्टिस यशवंत वर्मा को भी भेज दिया है और उनसे जवाब तलब किया है। जांच आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को 4 मई को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस से कहा था कि वो दिल्ली हाई कोर्ट से ट्रांसफर किए गए जस्टिस यशवंत वर्मा को कोई भी न्यायिक कार्य न सौंपें। जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित आवास से 14 मार्च को नकदी मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने एक जांच कमेटी के गठन का आदेश दिया था।

राष्ट्रपति ने जस्टिस वर्मा को दिल्ली हाई कोर्ट से इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्रांसफर करने का आदेश दिया। इसी आदेश के बाद चीफ जस्टिस ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को जस्टिस वर्मा को कोई भी न्यायिक कार्य नहीं सौंपने का आदेश दिया।

इसके पहले चीफ जस्टिस ने दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को कहा था कि वे जस्टिस वर्मा से न्यायिक जिम्मेदारियां वापस ले लें।

# महिला संवाद कार्यक्रम में जिले की 1.6 लाख से अधिक महिलाओं ने लिया भाग



दरभंगा, 07 मई (तरुणमित्र)। बिहार सरकार द्वारा ग्रामीण विकास विभाग एवं जीविका के सहयोग से जिले में संचालित ३महिला संवाद३ कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावशाली पहल के रूप में सामने आ रहा है। यह कार्यक्रम जिले के प्रत्येक गांव और समुदाय तक पहुंच रहा है।

जहां महिलाएं न केवल अपनी समस्याएं साझा कर रही हैं बल्कि अपने सपनों और विचारों को भी खुलकर रख रही हैं। यह बातें डीएम राजीव रौशन ने कहीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा उठाए गए मुद्दों को जिले के डीएम स्वयं अपनी यूजर आईडी के माध्यम से सुन रहे हैं और उनके समाधान की प्रक्रिया को प्राथमिकता दे रहे हैं।

महिला संवाद के अंतर्गत महिलाओं की समस्याओं को दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। छोटी समस्याएं सीधे डीएम को भेजी जाती हैं ताकि उनका समाधान जिला स्तर पर शीघ्रता से किया जा सके। साथ ही बड़ी समस्याओं को संबंधित विभागों और कार्यालयों के सहयोग से हल किया जाता है। कार्यक्रम के प्रभाव से जिले की महिलाओं में आत्मविश्वास की भावना प्रबल हुई है।

उन्हें यह विश्वास हुआ है कि उनकी आवाज सुनी जा रही है और समाधान भी हो रहा है। यह कार्यक्रम 18 अप्रैल से प्रतिदिन दो पालियों सुबह 9 से 11 बजे एवं शाम 4 से 6 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। अब तक दरभंगा जिले के 830 ग्राम संगठनों में 25 प्रचार रथों के माध्यम से महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित हो चुका है। जिसमें 1.6 लाख से अधिक महिलाओं ने भाग लिया है। इनमें से 18000 से अधिक महिलाओं ने व्यक्तिगत रूप से अपने संघर्ष, समस्याएं और भविष्य की योजनाएं साझा की हैं।

महिलाओं द्वारा कार्यक्रम में उठाई गई प्रमुख मांगों में जीविका भवन, विवाह भवन, खेल मैदान का निर्माण, जीविका समूहों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था, स्थानीय रोजगार सृजन हेतु छोटे उद्योगों की स्थापना, ऋण पर ब्याज दर में कमी, वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि, स्कूल और कॉलेज की स्थापना, चापाकल और शौचालय निर्माण, पक्की सड़कों की उपलब्धता, पीने के पानी की व्यवस्था, सौर ऊर्जा, आवास सुविधा और सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ शामिल हैं। साथ ही कई महिलाओं ने वंचित बच्चों को छात्रवृत्ति देने की भी मांग की।

# रेडियो ईस्ट एन वेस्ट 88.4 एफ.एम नियमित प्रसारण का राज्यपाल 15 को उद्घाटन करेंगें



सहरसा, 07 मई (तरुणमित्र)। ईस्ट एन वेस्ट फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ रजनीश रंजन ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि गत 26 जनवरी से जारी परिक्षण प्रसारण के बाद मानक के अनुरूप 24 घंटे प्रसारण हेतु प्रोडक्शन कार्य पूरा होने के बाद अब 15 मई से इसका नियमित प्रसारण होने जा रहा है। चेयरमैन ने बताया कि राजभवन से प्राप्त पत्र के निर्देश के अनुसार 15 मई को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान रेडियो ईस्ट एन वेस्ट 88.4 एफ.एम का विधिवत उद्घाटन करेंगें।

चेयरमैन डॉ रजनीश रंजन ने बताया की राजभवन से कार्यक्रम की स्वीकृति पत्र प्राप्त होने के साथ ही कार्यक्रम स्थल पर मुख्य मंच और पंडाल निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने बताया कि जल्द ही जिला प्रशासन के साथ कोर्डिनेशन कर हेलीपेड स्थल पर राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर और उनका स्वागत से लेकर कार्यक्रम स्थल तक राज्यपाल के पहुंचने का मार्ग व व्यापक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के आगमन को लेकर महाविद्यालय में काफी जोर-शोर से तैयारी शुरू हो गई है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर अलग-अलग कमिटी का गठन कर मंच से लेकर महाविद्यालय के रंग रोगन का कार्य काफी युद्ध स्तर पर शुरू हो चुका है। इस अवसर पर ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ नागेन्द्र कुमार झा, रेडियो ईस्ट एन वेस्ट के कार्यक्रम निदेशक मुक्तेश्वर मुकेश, ईस्ट एन वेस्ट फाउंडेशन के जन सम्पर्क पदाधिकारी अभय मनोज मौजूद रहे।

# जिले में 20 परीक्षा केंद्रों पर होगी कार्यालय परिचारी की परीक्षा



दरभंगा, 07 मई (तरुणमित्र)। जिला दंडाधिकारी राजीव रौशन एवं एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी ने संयुक्त आदेश जारी कर बताया कि बिहार कर्मचारी आयोग पटना द्वारा कार्यालय परिचारी की प्रारम्भिक परीक्षा जिला के 20 परीक्षा केन्द्रों पर 11 मई (रविवार) को 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित की जायेगी। डीएम ने कहा कि परीक्षा को हर हाल में स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जाना है। सदर एसडीओ परीक्षा में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए परीक्षा तिथि को सभी परीक्षा केन्द्र के आसपास 200 मीटर की परिधि में धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा जारी करेंगे। सभी परीक्षा केन्द्र पर स्टैटिक दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।

परीक्षा केन्द्र पर प्रतिनियुक्त स्टैटिक दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल परीक्षा तिथि को 8 बजे पूर्वाह्न में निश्चित रूप से पहुंच जायें।परीक्षा केन्द्र के मुख्य द्वार पर ही परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र देख कर एवं फोटो पहचान पत्र से उनके चेहरा का मिलान कर ही परीक्षा केन्द्र के अन्दर प्रवेश करने देंगे। अभ्यर्थियों को 11 बजे पूर्वाह्न के बाद प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षार्थी अपने साथ परीक्षा कक्ष में मोबाइल, ब्लूटूथ, पेजर किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक सामग्री आदि कोई भी सामग्री नहीं ले जायेंगे।

## बारसोई के काजीटोला-बारिओल सड़क है बदहाल, ग्रामीणों में आक्रोश

**बारसोई, कटिहार**। बारसोई प्रखंड के काजीटोला चौक स्थित काजीटोला-बारिओल सड़क की स्थिति अत्यंत ही दयनीय है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बने हुये हैं तथा उन गड्ढों में गंदे पानी एवं कीचड़ का साम्राज्य कायम हैं जिनसे होकर आवागमन बेहद ही कठीन कार्य है। सड़क को दूर-दूर तक देखने पर यह पता ही नहीं चल पा रहा है कि सड़क में गड्ढा है अथवा गड्ढे में ही सड़क है। सड़क समस्या के चलते यहां राहगीरों एवं वाहन चालाकों का आवागमन बिल्कुल ही मुहाल हो गया है। नतीजन आए दिन वाहन चलाकों को दुर्घटना का शिकार होने को विवश होना पड़ रहा है। गौरतलब हो कि यह सड़क सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बारसोई प्रखंड मुख्यालय एवं बारसोई अनुमंडल मुख्यालय से जोड़ती है।

## हत्या मामले में फरार चल रहे छह अभियुक्तों के घर पुलिस ने चिपकाया इस्तेहार

**नवादा, 07 मई (तरूणमित्र)**। नवादा जिले के कौआकोल थाना कांड संख्या-456/24 के तहत हत्या मामले में फरार चल रहे छह अभियुक्तों के विरुद्ध बुधवार को पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर निर्गत इस्तेहार नोटिस तामिला कराकर एक-एक प्रति अभियुक्तों के घर पर चस्पा किया। इसकी जानकारी देते हुए कौआकोल थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि हत्या के मामले में फरार चल रहे कौआकोल थाना क्षेत्र के करमाटांड़ गांव निवासी व हत्याकांड के नामजद अभियुक्तों सत्येन्द्र यादव, सोनु यादव, गौतम यादव, छोटू रजक, रामाशीष यादव एवं नरेश यादव के घर पर कौआकोल पुलिस की मौजूदगी में ढोल नगाड़ा बजाकर न्यायालय से निर्गत इस्तेहार नोटिस तामिला कराया गया। उन्होंने बताया कि दो दिनों के अंदर कोर्ट में सरेंडर नहीं करने पर अभियुक्तों के घर की कुर्की जब्ती की जाएगी। मौके पर एसआई सुजाता कुमारी, एएसआई अर्जुन राम मौजूद थे। बता दें कि 24 दिसम्बर 2024 को खड़सारी पंचायत के करमाटांड़ गांव में पंचायत सरकार भवन बनाने को लेकर दो पक्षों में विवाद उत्पन्न हो गया था।

# विश्वविद्यालय में पेंशनरों ने किया प्रदर्शन



**भागलपुर, 07 मई (तरूणमित्र)**। तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के पेंशनर संघर्ष मंच के बैनर तले बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में बड़ी संख्या में पेंशनभोगी एकत्रित हुए और विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कुलपति प्रोफेसर जवाहरलाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। पेंशनरों का आरोप है कि सेवानिवृत्त हुए चार से पांच वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन उन्हें अभी तक पूर्ण पेंशन और अन्य वित्तीय लाभ नहीं मिले हैं। कई पेंशनरों की पेंशन अब तक शुरू तक नहीं हुई है, जिससे उनका जीवन संकट में है। पेंशनरों ने मांग किया कि कुलपति को प्रतिदिन कम से कम एक घंटे का समय निर्धारित करना चाहिए, जिसमें वह पेंशनरों की समस्याएं सुनें और समाधान करें।

उनका कहना है कि जब तक विश्वविद्यालय प्रशासन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं करता, यह प्रदर्शन जारी रहेगा। पेंशनर संघर्ष मंच ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने एफएलसी कार्य का निरीक्षण किया

**सहरसा, 07 मई (तरूणमित्र)**। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी वैभव चौधरी ओ क्रियान्वित एफ०एल०सी० कार्य का बुधवार को निरीक्षण किया गया।निरीक्षण क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी द्वारा ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस सहरसा के परिसर में सुरक्षाबल, अग्निशमन दल, मेडिकल टीम एवं पूछ-ताछ/सहायता केन्द्र हेतु तैयार की गई पंडालवार उपस्थित कर्मियों/सुरक्षाबल से जानकारी ली गई एवं उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा ऋछउ परिसर में ऋछउ प्रोटोकॉल के अनुसार लगाये गये आवश्यक सूचना के अनुसार ऋछउ कक्ष में अपनी खुद की सुरक्षा जॉच कराते हुए एवं संबंधित टेबुल पर मोबाईल जमा करते हुए पावती प्राप्त कर निरीक्षण पंजी में उपस्थिति दर्ज करते हुए ऋछउ कक्ष में प्रवेश किए। निरीक्षण क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा उपस्थित इंजिनियर से ऋछउ के संबंध में बारीकि से पुछ-ताछ की साथ ही उनके द्वारा प्री ऋछउ के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के क्रम में इंजिनियर द्वारा बताया गया कि आजतक कुल-बी0यू0-725, सी0यू0-700 एवं वी0वी0पैट-700 मशीन का ऋछउ सफलतापूर्वक किया जा चुका है।अंत में ई0वी0एम0/वी0वी0पैट वेयर हाउस परिभ्रमण के उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से एफ0एल0सी0 कार्य के गुणवत्ता के संबंध में पुछताछ करते हुए सभी से पूनः अनुरोध किया गया कि आपलोग इसी प्रकार नियमित रूप से अपना अमुल्य समय का योगदान देकर एफ0एल0सी0 कार्य को सुचारू रूप से सम्पन्न कराये एवं लगातार ई0सी0आई0एल0 के प्रतिनियुक्त इंजिनियर एवं एफ0एल0सी0 कार्य में सलग्न अन्य कर्मियों एवं पदाधिकारियों के कार्य की निगरानी करते रहें।

## फलका के विभिन्न पंचायत में डॉ अंबेडकर का समग्र सेवा अभियान के तहत लगा शिविर

**फलका, कटिहार**। फलका प्रखंड क्षेत्र के हथवाड़ा पंचायत के वार्ड संख्या पांच एवं छह महादलित टोला, मोरसंडा में मल्लिक टोला, रहटा पंचायत में बेलगच्छी टोला, सोहथा दक्षिण में मुसहरी टोला, गोविंदपुर पंचायत में विश्वनाथ नगर पकड़िया में डॉ अंबेडकर विकास समग्र सेवा अभियान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के समुदाय के लोगों के लिये 22 तरह का सेवा प्रदान किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तरह शिविर लगने से ग्रामीणों में काफी हर्ष उल्लास देखा गया। और शिविर में विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने को लेकर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों की भीड़ देखी गई। हथवाड़ा पंचायत में स्थानीय मुखिया भारती कुमारी, सोहथा दक्षिण पंचायत में मुखिया अनिता गुप्ता, मोरसंडा में राजू नायक, रहटा में राजेश रंजन, गोविंदपुर में निभा देवी के नेतृत्व में शिविर का आयोजन किया गया।

# रौतारा थाना क्षेत्र में गांजा बेचते बुजुर्ग गिरफ्तार, 76.5 ग्राम गांजा और पैकिंग सामग्री बरामद



**कोलासी, कटिहार, 07 मई (तरुणमित्र)**। कटिहार जिले के रौतारा थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा पंचायत के खुदना गांव में पुलिस ने गांजा बेचने के आरोप में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान भागवत पासवान के रूप में हुई है, जो खुदना, रुपसपुर (चंदवा पंचायत) के निवासी हैं। रौतारा थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि छापेमारी के दौरान आरोपी के पास से 76.5 ग्राम गांजा बरामद किया गया। साथ ही 201 खाली पैकिंग पैकेट, 240 रुपए नगद और एक करनी (नुकीला काटने का औजार) भी जब्त किया गया है। पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी किसी बड़े नेटवर्क से जुड़ा है या नहीं।

वहीं, ग्रामीण क्षेत्र में नशीले पदार्थों की बढ़ती सक्रियता को देखते हुए पुलिस द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है।

## प्लेटफार्म पर किया गया फ्लैग मार्च

**गया, 07 मई (तरुणमित्र)**। कश्मीर के पहलगाम में आतंकी कार्रवाई के बाद मंगलवार की देर रात भारतीय सेना ने अपनी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान में छिपे आतंकियों के ठिकानों पर साहसिक कार्रवाई कर कई ठिकाने को ध्वस्त कर दिया है।वहीं गृह मंत्रालय द्वारा जारी एडवाइजरी के मद्देनजर रेलवे क्षेत्र में भी सुरक्षा बलों को चाक चौबंद करने का निर्देश जारी किया गया है।रेल संपत्तियों के साथ यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा रहा है।इसे लेकर बुधवार को आरपीएफ पोस्ट गया के प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव के नेतृत्व में आरपीएफ गया के पदाधिकारियों व बल सदस्यों ने प्लेटफॉर्म, यात्री परिक्षेत्र, सेक्टर 7 एवं 8 में सुरक्षा के दृष्टिकोण से फ्लैग मार्च किया। प्लेटफॉर्म पर मार्च करते पदाधिकारी व जवान यात्रियों को जागरूक किया गया।इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में कई कदम उठाए जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि बुधवार को फ्लैग मार्च के दौरान सेक्टर 7 व 8 के आसपास रेलवे लाइन के किनारे रहने वाले लोगों के बीच जाकर उनको रेलवे में अपराध करने से दूर रहने के हिदायत दी गई एवं ऐसा करने पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई।

# 11 को प्रेक्षागृह में होगा छात्र-युवा महासम्मेलन




**दरभंगा, 07 मई (तरुणमित्र)**। आइसा, आरवाईए और दरभंगा नागरिक समाज की ओर से 11 मई को प्रेक्षागृह में होने वाले छात्र - युवा महासम्मेलन की तैयारी को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसे आइसा के राष्ट्रीय महासचिव प्रसेनजीत कुमार, दरभंगा नागरिक मंच के संयोजक दिनेश साफी, सह संयोजक अशर्फी राम, आर वाई ए के राज्य उपाध्यक्ष संदीप चौधरी आदि ने संयुक्त रुप से संबोधित किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सम्मेलन में माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य, दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ. लक्ष्मण यादव, पूर्व सांसद अली अनवर, विधान पार्षद शशि यादव, पूर्व विधायक मनोज मंजिल इत्यादि वक्ता के रुप में शामिल होंगे।

नागरिक मंच के संयोजक दिनेश साफी ने कहा कि भाजपा की केंद्र और बिहार सरकार के शासन में सबसे ज्यादा नागरिक अधिकारों पर हमला हुआ है। लोगों के विचार और अभिव्यक्ति को कुचलने का प्रयास तेजी से चल रहा है।

दलित, पिछड़ों, वंचितों-शोषितों के लिए सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय को सुनिश्चित करने वाली भारत के संविधान को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है।आइसा महासचिव प्रसेनजीत ने कहा कि बिहार में दलित, पिछड़ों के ऊपर हमले तेज हो गए हैं। सामाजिक - आर्थिक सर्वे के रिपोर्ट के आधार पर 65 प्रतिशत आरक्षण का दायरा बढ़ाया गया था। लेकिन कोर्ट में सही तर्क न होने और केंद्र सरकार द्वारा इस आरक्षण को 9वीं अनुसूची में शामिल नहीं किए जाने की वजह से आगे नहीं बढ़ पाई।

यह सामाजिक न्याय के ऊपर सबसे बड़ा कुठाराघात हुआ है। नागरिक मंच के सह संयोजक अशर्फी दास ने कहा कि इस सभी मुद्दों पर आने वाले 11 मई को लहेरियासराय के प्रेक्षागृह में होने वाले महासम्मेलन में जिला भर से अधिक से अधिक संख्या में लोग शामिल हो। आर वाई ए के राज्य सह सचिव संदीप चौधरी ने कहा कि अग्निवीर और निजीकरण के कारण रोजगार पर हमला बोल दिया गया है। मौके पर आर वाई ए राज्य उपाध्यक्ष रंजीत राम, आइसा राज्य सह सचिव लोकेश राज, आइसा नेता प्रिंस राज, भाकपा माले नेता केशरी कुमार यादव, आइसा जिला संयोजक बिपिन कुमार, रामदेव मंडल आदि मौजूद थे।

## सुखद : अस्पतालों में दवा के साथ डोज और एहतियात का मिल रहा लिफाफा

**कटिहार**। दवा वितरण की दिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा उठाए गए नई पहल को और आगे बढ़ाया जा रहा है। दवा वितरण लिफाफा के पहले चरण की सफलता के बाद दवा वितरण लिफाफा 2 और 3 की खेप जून के दूसरे हफ्ते तक राज्य के सरकारी अस्पतालों में पहुंचाने की योजना है। राज्य के सभी जिलों सहित कुल 10–10 लाख दवा वितरण लिफाफे भेजे जाएँगे। मुफ्त दवा वितरण नीति के तहत दिए जाने वाले इस लिफाफे पर मरीजों को दवा के साथ उसके डोज और दवा संबंधी एहतियात लिफाफे पर दिए जाते हैं। जिलों से माँगी गयी अधियाचना के अनुसार, दवा वितरण लिफाफा बेगूसराय, वैशाली, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी और बेतिया को सबसे अधिक 40-40 हजार लिफाफे दिए जाएँगे। पटना को 32 हजार लिफाफे देने की योजना है। दवा के साथ लिफाफे का वितरण स्वास्थ्य विभाग की मुफ्त दवा वितरण नीति के तहत है। आसानी से समझ सकेंगे दवा का निर्देश दवा के लिफाफे पर निर्देश इस तरह से लिखे जाएंगे कि कम पढ़े लिखे लोग भी आसानी से इसे पढ़कर समझ सकें।

दवा और लिफाफे पर एक जैसा नंबर रहेगा, सुबह दोपहर शाम की दवाओं के लिए गोल निशान बनाए जा रहे हैं। इससे दवा खाने के समय समझने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। लिफाफे पर मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री की तस्वीर भी दी गयी हैं। निशुल्क एम्बुलेंस के लिए 102 तथा कॉल सेंटर 104 के बारे में भी जानकारी दी गयी है। लिफाफे में दवा वितरण पीएचसी से लेकर सदर अस्पताल तक के स्वास्थ्य केंद्रों पर दी गयी है। लगातार आठवीं बार दवा वितरण में नंबर वन बना बिहार दवा वितरण के मामले में बिहार सितंबर 2024 से लगातार आठवीं बार देश में पहले स्थान पर है। अप्रैल माह में राज्य ने 80.72 का स्कोर प्राप्त किया है। दवा वितरण में पहले स्थान पर आने में बड़ी भूमिका को अनवरत बनाने में समय पर दवाओं का पोर्टल पर किया गया इंडेंट और मुफ्त औषधि वाहन है। राज्य में अभी दो तरह के औषधि वाहन चलाए जा रहे हैं। राज्य में एल-1 औषधि वाहन की संख्या 41 तथा एल-2 औषधि वाहन की संख्या 100 है। एल-1 औषधि वाहन से जिला से दवाइयों को प्रखंड स्तर तक पहुंचाया जाता है। वहीं एल-2 औषधि वाहन दवाओं को प्रखंड से एचडब्ल्यूसी स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचा है।

# संक्षिप्त समाचार

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सैन्य कार्रवाई पर विधायक जनसंपर्क कार्यालय में मनाया जश्न

**अररिया, 07 मई (तरूणमित्र)**। पाकिस्तानी में आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर से न सिर्फ पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिजनों ने खुशी जताई है। बल्कि देश का हर आम और खास आतंकी ठिकानों पर की गई इस जवाबी कार्रवाई का स्वागत किया है। फारबिसगंज विधायक जनसंपर्क कार्यालय में भी विधायक विद्यासागर केसरी उर्फ मंचन केसरी के नेतृत्व में बुधवार को जश्न मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीजेपी नगर अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार मंटू ने किया।इस मौके पर भारत माता की जय, नरेंद्र मोदी की जय के नारे लगाए गए।भारत ने पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ के खिलाफ सबसे बड़ी सैन्य कार्रवाई की है। मौके पर विधायक श्री केसरी ने कहा यह सिर्फ ट्रेलर है देश की सेना इस से भी बड़ा अपरेशन चलाया जाएगा। इस मौके पर बीजेपी कार्यकताओं में उत्साह देखा गया। इस मौके पर बीजेपी नेता मनोज झा, नगर अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार मंटू, संदीप कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद मंटू सिंह, पूर्व उपप्रमुख राजू मंडल, प्रेम केसरी, आयुष कुमार कालू,निरज निराला, शिवानी सिंह, अमित निराला,सुरज चौधरी आदि मौजूद रहे।

## डॉ. अम्बेदकर समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष विकास शिविर का आयोजन

**अररिया, 07 मई (तरूणमित्र)**। जिले के महादलित बस्ती में बुधवार को डॉ.अम्बेदकर समग्र सेवा अभियान के तहत विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें 17 विभागों से संबंधित कुल 22 योजनाओं के योग्य लाभुकों को लाभ प्रदान किया गया। ग्राम पंचायत राज रामपुर कोदरकट्टी वार्ड सं० 01 के लहना रामपुर में डॉ अम्बेदकर समग्र सेवा अभियान के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सरकार द्वारा संचालित 22 योजनाओं से संबंधित जानकारी लाभुकों को दिया गया। जिसमें मुख्य रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली से आच्छादन, उज्जवला योजना, आँगनबाड़ी, जन्म- मृत्यु पंजीकरण, आधार कार्ड, ई श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, वासभूमि बंदोबस्ती, पेंशन, मनरेगा जॉब कार्ड, जन-धन योजना, बिजली कनेक्शन, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण आदि शामिल हैं। साथ ही सभी योजनाओं का आवेदन एकत्र कर शिविर के माध्यम से निष्पादन भी किया गया। डीडीसी रोजी कुमारी द्वारा आयुष्मान कार्ड के लाभुक प्रमिला देवी पति राजेश ऋषिदेव, जन्म प्रमाण पत्र के लाभार्थी पारस कुमार, पिता-दिलीप ऋषिदेव, शारदा कुमारी, पिता- पारस कुमार, जन-धन खाता के लाभार्थी सुरज कुमार ऋषिदेव, पिता- चंदन ऋषिदेव को प्रमाण पत्र एवं खाता खोला गया। शिविर में प्रभारी सुभाष चन्द्र गुप्ता सहित सभी विभाग के कर्मी एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री ने जो कहा था वो कर दिया : डॉ. धर्मशीला


**दरभंगा, 07 मई (तरुणमित्र)**। भारतीय सेना ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान में स्थित आतंकियों के कई ठिकानों को तबाह कर दिया। भारतीय सशस्त्र बलों के मिसाइल ने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर तक जाकर आतंक के कई ठिकाने तबाह किए जिसमें कुल 62 आंतकी मारे गए है। पाकिस्तान पर हुए एयर स्ट्राइक पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कहा है कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा था वो कर दिया है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा था कि आतंकवाद को मिट्टी में मिला देंगे और देर रात सचमुच आतंकवाद को मिट्टी में मिला दिया गया। ये भारत की निर्णायक कार्रवाई का उदाहरण है। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में आतंकियों के 9 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक किया जिससे पूरा पाकिस्तान दहल गया। इस हमले के जरिए भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए कुल 26 लोगों की मौत का बदला ले लिया।

## ऑपरेशन सिंदुर के लिए सेना, पीएम, गृहमंत्री और रक्षामंत्री को दिया बधाई

**दरभंगा, 07 मई (तरुणमित्र)**। भाजपा जिला पश्चिमी अध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण चौधरी मन्ना ने बयान जारी कर भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर देश की सेनाओं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को बधाई दी है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि पहलगाम में हुई बर्बरता का बदला भारत ने ले लिया और दुनिया को यह संदेश दे दिया कि अगर हमें छेड़ोगे तो हम छोड़ेंगे नहीं।आज देश की 140 करोड़ जनता सेना के साथ खड़ी है और उसके शौर्य पर गर्व महसूस कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत पूरी दुनिया को यह स्पष्ट संदेश दे रहा है कि भारत अब आतंकवादियों को बख्शने वाला नहीं है। भारत आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है।

## कोढ़ा पुलिस ने चोरी की वारदातें में लूट की राशि 4,89,000 रुपये बरामद कर सहरसा पुलिस को किया सुपुर्द

**कोढ़ा, कटिहार, 07 मई (तरुणमित्र)**। आदर्श कोढ़ा थाना पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए अपराधियों के द्वारा सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर में मोटरसाइकिल की डिक्की तोर कर चोरी की बारदाते में लूटी गई 4,89,000 (चार लाख नवासी हजार रुपए) की रकम को सकुशल बरामद कर लिया है। बरामद की गई रकम को नियमानुसार प्रक्रिया पूरी करने के बाद सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना की पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों के द्वारा एक चोरी की घटनाएं की बारदाते में बाइक की डिक्की तोर कर 4,89,000 लाख रुपये की लूट की गई थी।जिसके विरुद्ध सिमरी बख्तियारपुर थाना में कांड संख्या 148/25 दर्ज किया गया था।वारदात के बाद अपराधी पैसे लेकर फरार हो गए थे और तकनीकी अनुसंधान व अन्य जांच पड़ताल के साक्ष्यों में पुलिस ने पाया की आरोपी कोढ़ा थाना क्षेत्र की ओर भागे हैं। सूचना मिलते ही कोढ़ा पुलिस सतर्क हो गई और त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी शुरू कर दी। कुछ ही समय में पुलिस को सफलता हाथ लगी और चोरी की गई राशि 4,89,000 रुपए को थाना क्षेत्र के फरार अप्राथमिक अभियुक्त राहुल कुमार उर्फ अभिषेक कुमार उर्फ फुद्दू जुराबगंज नया टोला वार्ड संख्या एक से सकुशल बरामद करने की उपलब्धि हासिल कर ली वही आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस लगातार छापेमारी में जुटी है।



# ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक ट्रेलर है: अश्विनी चौबे



**भागलपुर, 07 मई (तरूणमित्र)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने बुधवार को भागलपुर में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा कि अब भारत किसी भी सूरत में कमजोर नहीं है। पाकिस्तान को उसके हर दुस्साहस का करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह तो अभी ट्रेलर शुरू हुआ है, पूरी फिल्म अभी बाकी है। और आने वाले दिनों में हर रोज नए-नए सीन सामने आएंगे।

उन्होंने कहा कि अब पाकिस्तान का नक्शा मानचित्र से बदल दिया जाएगा। यह सिर्फ शुरूआत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर अपनी शक्ति और संप्रभुता का लोहा मनवा चुका है। अब भारत 56 इंच नहीं, 156 इंच के सीने वाला राष्ट्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने वीर हनुमान और भगवान परशुराम जैसे प्रतीकों को ललकारा है। यह सीधा हिंदुस्तान की अस्मिता को चुनौती देने जैसा है।

हमारे जवानों की वीरता और हमारे नेतृत्व की निर्णायक सोच पाकिस्तान के मंसूबों को चकनाचूर कर देगी। चौबे ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि यह भारत की नई नीति का प्रतीक है। जहां हम पहले की तरह केवल प्रतिक्रिया नहीं देंगे, बल्कि पहले ही कदम उठाकर दुश्मन को चेताएंगे। भारत की खुफिया एजेंसियां और सुरक्षा बल पूरी तरह सजग हैं और हर साजिश का जवाब अब उसी की भाषा में दिया जाएगा। उन्होंने जनता से अपील किया कि वे सेना और सरकार के साथ खड़े रहें। देश के दुश्मनों को यह दिखाना जरूरी है कि भारत अब एकजुट है और हर प्रकार की चुनौती से निपटने में सक्षम है।

## पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर हमला के समर्थन में बच्चों का तिरंगा जुलूस

**नवादा, 7 मई (तरूणमित्र)।** नवादा नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी, शिक्षाविद डॉक्टर आर पी साहू की देखरेख में बुधवार को पाकिस्तानी आतंकवादी ठिकानों पर भारत के सैन्य हमले के समर्थन में बच्चों ने तिरंगा जुलूस निकालकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का समर्थन किया।



बच्चों ने मोदी- मोदी के नारे लगाते हुए हर भारतीयों को एकजुट होकर राष्ट्रीयता की भावना को अपनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। नवीन नगर के जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल प्रांगण से जुलूस निकालकर भगत सिंह चौक पर पहुंचे नन्हे मुन्ने बच्चों ने भारतीय सेना तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में नारेबाजी करते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान ने भारत के विरोध में गलत करने की हिमाकत की तो निश्चित तौर पर उसे विश्व के मानचित्र से हटा दिया जाएगा। बच्चों ने कहा कि देश मेरे लिए सब कुछ है। उसके लिए मरना मिटना हर एक नागरिक का कर्तव्य होनी चाहिए। डॉ साहू ने कहा कि हमारे बच्चों ने जो जज्बा दिखाया है। उसे निश्चित तौर पर हम सबों का हौसला बढ़ा है। हम सब मिलकर भारतीय सेना के कोष में आर्थिक योगदान भी करेंगे। इसके लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई है।

# बेमौसम आंधी और बारिश किसानों के लिए बना अभिशाप

**नालंदा, 07 मई (तरूणमित्र)।** नालंदा जिले में मंगलवार की देर रात आई असमय आंधी और बारिश ने प्रखंड के किसानों को भारी क्षति पहुंचाई है। विशेषकर दरवेशपुरा पटोरिया गांव के किसानों के लिए यह मौसम किसी अभिशाप से कम नहीं रहा जहां एक ओर आंधी ने आम के टिकोलों को झकझोर कर बड़ी संख्या में जमीन पर गिरा दिया जिससे मौसमी आम की फसल को भारी नुकसान हुआ है।

दूसरी ओर लगातार हो रही बारिश ने खेतों में लगी लालमी और तरबूज की फसल को भी काफी नुकसान पहुंचाया है। इस संबंध में दरवेशपुरा गांव के किसान नीतीश कुमार ने बताया कि गांव में हर साल लगभग सौ एकड़ से अधिक जमीन पर लालमी और तरबूज की खेती होती है जो अधिकांश किसानों की आजीविका का मुख्य स्रोत है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बैसाख के महीने में हुई भारी बारिश ने न केवल फलों को बल्कि पौधों की बेलों को भी सुखा दिया। खेतों में फल आने लगे थे लेकिन मौसम ने सब कुछ नष्ट कर दिया।



इसके अलावा डांसा नामक कीड़े के प्रकोप से लगभग 90 प्रतिशत फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। किसानों ने बताया कि सामान्य दिनों में सिर्फ उनके गांव से प्रतिदिन दस ट्रैक्टर लालमी तरबूज बिहारशरीफ मंडी भेजा जाता था लेकिन अब हालत यह है कि एक ट्रैक्टर फसल भी भेजना मुश्किल हो गया है। किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है और आर्थिक संकट गहराता जा रहा है।

## जिला में 5 शक्तिशाली आईईडी बम बरामद

**गया, 07 मई (तरुणमित्र)।** जिले के नक्सल प्रभावित डुमरिया प्रखंड स्थित छकरबंधा थाना क्षेत्र के पचरुखिया के शिकारी कुआं जंगल में सुरक्षाबलों को कामयाबी मिली है। यहां नक्सलियों की ओर ले सीरियल तरीके से प्लांट किए गए 5 शक्तिशाली आईईडी बम बरामद किए गए ।हर एक बम करीब 10 किलो का है और स्टील के केन में छिपाकर जमीन के नीचे और चट्टानों के बीच प्लांट किया गया था। सुरक्षाबलों ने समय रहते साजिश को भांप लिया और 8 घंटे चले सर्च ऑपरेशन के बाद बरामद किए गए, सभी विस्फोटकों को जंगल मे ही डिफ्यूज कर दिया ।बताया गया कि नक्सलियों की योजना सुरक्षाबलों को बड़ा नुकसान पहुंचाने की थी ।लेकिन उनके मंसूबे को नाकाम कर दिया गया ।सर्च ऑपरेशन जिला पुलिस और सीआरपीएफ की 47 वीं बटालियन के संयुक्त नेतृत्व में चलाया गया था ।सर्च के दौरान बमों को निष्क्रिय करते समय तेज धमाके भी हुए ।इससे स्पष्ट हुआ कि बम काफी शक्तिशाली थे ।सीआरपीएफ अधिकारी ने पुष्टि की कि ये बम सीरियल तरीके से प्लांट किए गए थे, ताकि एक के बाद एक धमाका हो और ज्यादा से ज्यादा क्षति हो सके।

# पुलिस पर फायरिंग मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**नालंदा, 07 मई (तरूणमित्र)।** नालंदा जिले में पुलिस पर फायरिंग के मामले में नालंदा थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जबकि फरार चल रहे अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। हिलसा अनुमंडल के डीएसपी गोपाल कृष्णा ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 अप्रैल को इस्लामपुर थाना क्षेत्र के बरडीह गांव के पश्चिमी खंधा में कुछ अपराधी शराब पीने के लिए एकत्रित थे।

इस संबंध में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर जब पुलिस वहां छापेमारी करने पहुंची तो अपराधियों ने पुलिस पर अचानक फायरिंग शुरू कर दी। इस हमले में दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे। अन्य बाल-बाल बच गए थे। घटना के बाद नालंदा के पुलिस अधीक्षक भारत सोनी के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई जिसने गुप्त सूचना के आधार पर जहानाबाद जिले के टेहटा थाना अंतर्गत धीरा विगहा गांव से इस मामले में शामिल इस्लामपुर थाना क्षेत्र के रोहीण पर गांव निवासी चंदन कुमार (पुत्र-महेंद्र यादव) एवं किशु कुमार (पुत्र-सत्येंद्र यादव) को गिरफ्तार किया। दोनों को हिलसा न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है। डीएसपी ने बताया कि अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। साथ ही न्यायालय से निर्गत गिरफ्तारी वारंट के आधार पर फरार आरोपियों के घरों पर इश्तिहार चस्पा किया गया है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स बना बिहार का वैश्विक खेल मंच का केंद्र

**नालंदा, 07 मई (तरूणमित्र)।** नालंदा जिले के राजगीर खेल विश्वविद्यालय खेल परिसर में आयोजित प्रतिस्पर्धा खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 ने अब वैश्विक मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी शुरू कर दी है।

पहली बार बिहार के नालंदा जिले के खेल विश्वविद्यालय खेल परिसर में हो रहे खेलों का सीधा प्रसारण अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के आधिकारिक डिजिटल प्लेटफॉर्म ओलंपिक डॉट कॉम पर किया जा रहा है। इसके साथ ही डिस्कवरी के स्वामित्व वाले खेल चैनल यूरोस्पोर्ट पर भी दिन के मुख्य अंश दिखाए जा रहे हैं। इन फीड्स का निर्माण राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन द्वारा किया जा रहा है। खेलों का यह सातवां संस्करण अंडर-18 श्रेणी के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 27 मेडल स्पोर्ट्स और 1 डेमो स्पोर्ट (ई-स्पोर्ट्स) में 10,000 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।



इस बार सेपकटकरों जैसे खेल को पहली बार मेडल इवेंट के रूप में शामिल किया गया है। खेलों का उद्घाटन समारोह रविवार को राजगीर स्थित खेल परिसर में हुआ था जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से खेलों की विधिवत शुरूआत की थी। ये प्रतियोगिताएं 15 मई तक चलेंगी। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने इस आयोजन के लिए विशेष कंटेंट प्रोड्यूसर्स और सोशल मीडिया टीम भेजी है जो खेलों से जुड़ी कहानियों को वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाएगी। खेलो इंडिया भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य युवा खिलाड़ियों की खोज, प्रशिक्षण और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चैंपियन बनाने की योजना को मूर्त रूप देना है।

# राष्ट्रीय नेतृत्व, शौर्य और स्वाभिमान पर गर्व का समय-कौटिल्य मंच

**गया, 07 मई (तरुणमित्र)।** आज जिस तरह से सभी राजनीतिक दलों में राष्ट्रीय एकता और अखंडता पर एक जुट होने का संदेश दिया है, आतंकियों द्वारा खुलेआम चुनौती को स्वीकार कर उसे जड़ मूल सन मिटाने का संकल्प लिया है उसी का परिणाम है कि हमारे बहादुर सैनिकों ने जो राष्ट्रीय एकता को हिलाने वाले पाकिस्तान के आतंकियों ने धृणित कार्रवाई की थी, घुसकर जो कड़ा प्रहार किया है, उसने आतंकियों के ट्रेनिंग कैंप, आतंकी ठिकाने को ध्वस्त कर ऑपरेशन सिंदूर ने विश्व में आतंक फैलाने का केंद्र को ध्वस्त कर मानवतावादियों को सम्मान मनोबल बढ़ाया है जिस साहस का परिचय हमारे बहादुर सैनिकों को ने दिया है उसके सामने आज समूचा देश नतमस्तक है।

संपूर्ण राष्ट्र उनके साथ है। आज राष्ट्र सहित संपूर्ण संपूर्ण विश्व हमारे नेतृत्व शौर्य और स्वाभिमान पर गर्व करता है। भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा कौटिल्य मंच एवं मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान से जुड़े जिन प्रमुख लोगों ने इस कार्रवाई का हार्दिक स्वागत किया है ।उनमें प्रमुख रूप से पुरस्कृत सम्मानित साहित्यकार।

आचार्य राधा मोहन मिश्रा माधव, विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े महासभा एवं मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विवेकानंद मिश्र, स्वामी सुमन गिरी, बी एन पाण्डेय, राजीवनयन पांडे, डॉक्टर रविंद्र कुमार, डॉक्टर दिनेश कुमार, आचार्य अरुण मिश्रा, डॉक्टर चंद्रशेखर मिश्रा, डॉ अनीता नेत्री रूबी कुमारी, शशि शेखर पाठक हरिनारायण त्रिपाठी, सुरेंद्र दुबे, मृदुला मिश्रा, पंडित सुरेंद्र पांडेय, अधिवक्ता आनंद सिंह, अधिवक्ता दीपक पाठक, अधिवक्ता विजय पांडे, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद याहिया, गजाधर लाल कटरियार, मोहम्मद मासूक, पंडित अजय मिश्रा, अधिवक्ता मोहम्मद आरिफ, तस्लीम नाज, तरन्नुम तारा, प्रोफेसर गीता विश्वकर्मा, शबनम परवीन ,हिना परवीन, राम भजन दास, देव कुमार ठाकुर, गुप्तेश्वर ठाकुर, बृजभूषण मिश्रा, डॉक्टर जियाउद्दीन, उषा देवी आदि उल्लेखनीय है।

## प्रधानमंत्री ने बिहार की धरती से किये वादे को 12 दिन बाद दिया अंजाम : सम्राट चौधरी

**पटना, 07 मई (तरूणमित्र)।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में घुस कर आतंकियों के नौ ठिकाने ध्वस्त करने के पराक्रम पर भारतीय सेना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को बधाई।

सम्राट चौधरी ने कहा कि 24 अप्रैल 2025 को प्रधानमन्त्री मोदी ने बिहार की धरती से आतंकवाद की नर्सरी को मिट्टी में मिलाने का जो वादा किया था, उसे पूरा करने के लिए मात्र 15 दिन बाद बड़ी कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर देश की उन बहनों के प्रति भारतीय सेना का ₹शौर्य प्रणाम₹ है, जिनके सुहाग छीनने का दुस्साहस पहलगाम में किया गया था। उन्होंने कहा कि इस सैन्य कार्रवाई से जहां सीमा पार के आतंकी ठिकाने तबाह हो गए , वहीं इस पार बैठ कर सर्जिकल सट्राइक के सबूत मांगने और राफेल का मजाक उडाने वालों की जुबान सिल गई है। आज पूरा देश सेना और प्रधानमंत्री के साथ है।

# डीएम एवं एसपी ने पूर्व सैनिक, आपदा मित्र, स्काउट, एनसीसी के वॉलिंटियर्स के साथ की बैठक

**फारबिसगंज/अररिया, 07 मई (तरूणमित्र)।** अररिया जिला पदाधिकारी अनिल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में पूर्व सैनिक, आपदा मित्र, स्काउट, एनसीसी के वालंटियर्स के साथ आज ब्लैक आउट को सफल बनाने हेतु समाहरणालय स्थित परमान सभागार में ब्रीफिंग बैठक की गई। बैठक को संबंधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा गृह मंत्रालय,भारत सरकार के निर्देश पर सिविल डिफेंस की मॉक ड्रिल के तहत आज संध्या 7 बजे से 7 बजकर 10 मिनट तक अररिया में ब्लैक आउट किया जायेगा। इस दौरान 10 मिनट के लिये ब्लैकआउट की स्थिति होगी।



इमरजेंसी सायरन बजने के बाद बिजली कनेक्शन स्वतः बंद जायेगा। हमें इस दौरान ब्लैक आउट की स्थिति बनानी है ।उन्होंने कहा कि इस दौरान अपने घरों में इनवर्टर, जेनरेटर आदि का भी उपयोग नहीं करेंगे। सफर के दौरान भी निर्धारित अवधि में बाइक, ऑटो व अपने अन्य वाहन को एक जगह लगा कर लाइट ऑफ रखने की अपील उन्होंने की, ताकि जिले में मॉकड्रिल का सफल आयोजन संभव हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि मॉकड्रिल के दौरान जो ब्लैकआउट की स्थिति बनानी है, इससे अस्पताल एवं एंबुलेंस सेवाओं को अलग रखा गया है।

उन्होंने कहा कि इस दौरान इमरजेंसी सेवाएं पूर्ववत बनी रहेगी, ताकि लोगों को कोई परेशानी नहीं उठानी पड़े। जिलाधिकारी ने कहा पहले चरण मॉकड्रिल, महज अररिया शहरी क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा सिविल डिफेंस सिस्टम पूरी तरह एक्टिव है, उनसे समुचित सहयोग मिल रहा है। इसलिए आप सभी आज के इस ब्लैक आउट को सफल बनाने में पूरी तरह सहयोग करें ।जिलाधिकारी ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें जागरूक एवं भविष्य में उत्पन्न किसी भी आपात स्थिति में स्वयं को तैयार रखने के उद्देश्य आयोजित किया जा रहा है। यह ब्लैक आउट एक प्रकार का मॉक ड्रील है, जिससे किसी भी नागरिकों को घबराने की जरूरत नहीं है।

# एनसीसी ग्रुप कमांडर ने 47 बिहार बटालियन एनसीसी का निरीक्षण किया

**भागलपुर, 07 मई (तरूणमित्र)।** नव नियुक्त एनसीसी ग्रुप भागलपुर के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर आशीष खनवाल्कर ने बुधवार को बटालियन निरीक्षण के तहत सैंडीस कंपाउंड स्थित 47 बिहार बटालियन एनसीसी भागलपुर का अल्प अवधि सूचना में ही निरीक्षण कार्यक्रम रखते हुए इस यूनिट का विधिवत निरीक्षण किया। क्षसर्व प्रथम कमाण्डर को एस एम कॉलेज की बालिका एनसीसी कैडेटों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।



तत्पश्चात उन्होंने गार्ड को मिष्ठान्न पैकेट का पारितोषिक प्रदान कर गार्ड में सम्मलित सभी कैडेटों का हौसला अफजाई किया। इसके उपरांत यूनिट के कमान अधिकारी कर्नल (डॉ) दिनेश कुमार पाठक ने अपने कार्यालय में निरीक्षण अधिकारी का यूनिट द्वारा किये जा रहे एनसीसी प्रशिक्षण संबंधी विभिन्न क्रियाकलापों पर विधिवत जानकारी दी। कमांडर ने समस्त पीआई स्टाफ को निर्देश दिया कि वे सदैव उतम सैन्य वेशभूषा में अपनी ड्यूटी पर तैनात रहें और सर्वोत्तम आचरण का प्रदर्शन करें, ताकि उन्हें देखकर एनसीसी के कैडेट भी प्रोत्साहित हों एवं कर्मठता, राष्ट्रभक्ति, त्याग तथा समर्पण की भावना को अपने अंदर जगा सकें।

उन्होने यूनिट द्वारा दिए जा रहे विभिन्न प्रशिक्षण प्रणाली की सराहना की तथा यूनिट के रख रखाव एवं उच्चतम तरतीब का अनुसरण करते रहने की नसीहत दी। अंत में सारे सिविलियन स्टाफ और पी आई स्टाफ तथा एनसीसी कैडेटों के साथ अल्प जलपान के दौरान उनके साथ वातालाॅप किया और अपने अमूल्य सैन्य अनुभवों को साझा किया।

## भारतीय सेना की कार्रवाई का कांग्रेस विधायक ने किया स्वागत

**भागलपुर, 07 मई (तरूणमित्र)।** बीते देर रात पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना के द्वारा किए गए हमले का कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा ने स्वागत किया है। विधायक शर्मा ने बुधवार को कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में इस तरह की ही कार्रवाई होनी चाहिए। जहां भी आतंकी ठिकाने हैं उन्हें नष्ट कर देना चाहिए। आतंकवादी घटना देश में ना हो इसको लेकर सेना और सरकार को एलर्ट रहने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जहां देश भर में आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही थी।

वहीं बिहार की धरती से प्रधानमंत्री ने ऐलान किया था कि आतंकवादियों को खोज-खोज कर मारा जाएगा। आतंकियों के पनाहगार को भी मिट्टी में मिलाने का काम किया जाएगा।,जिसको लेकर देर रात ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों के पाकिस्तान में स्थित नौ ठिकानों को हिंदुस्तान की सेना ने मिट्टी में मिला दिया है। वहीं कई आतंकियों को इस हमले में खत्म भी कर दिया गया है। जिसको लेकर देश में खुशी का माहौल है। वहीं पाकिस्तान और आतंकियों के खिलाफ हुए इस हमले को लेकर कांग्रेस पार्टी के विधायक ने भी कार्रवाई का समर्थन किया है।

# संक्षिप्त समाचार

## अंतर्राष्ट्रीय मंच पर गया के लाल ने बिखेरा संगीत का जादू, जीता दूसरा स्थान

**गया, 07 मई (तरुणमित्र)।** जिले के सात वर्षीय प्रतिभाशाली बालक अर्थित ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी संगीत प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अर्थित ने हाल ही में ए सी ग्लोबल स्कूल फाउंडेशन, संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वर्चुअल संगीत प्रतियोगिता 2025 में दूसरा स्थान प्राप्त कर पूरे देश को गौरवान्वित किया है।इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में संयुक्त राज्य अमेरिका, न्यूजीलैंड, भारत और अन्य एशियाई देशों के कई बच्चों ने भाग लिया था ।सेमीफाइनल में आने के बाद फाइनल में भी उन्होंने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया ।जूनियर डीपीएस के छात्र अर्थित की इस शानदार उपलब्धि पर उनकी माता, श्रीमती पूजा ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि माता-पिता को बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ उनकी पाठ्येतर गतिविधियों में भी पूरा सहयोग देना चाहिए ।उन्होंने कहा कि अर्थित की इस सफलता से न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा गया गौरवान्वित है।




## स्कूली बच्चों को डिफेंस मॉक ड्रिल कर युद्धाभ्यास के प्रति किया जागरूक

**बोधगया(गया), 07 मई (तरुणमित्र)।** भारत पाकिस्तान के बीच उत्पन्न तनातनी के बीच सरकार द्वारा सभी सरकारी प्रतिष्ठानों को डिफेंस मॉक ड्रिल कर युद्धाभ्यास के प्रति जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश जारी किया गया है ।जिसे लेकर सभी जगहों पर मॉक ड्रिल कराया जा रहा है ।इसी कड़ी में बुधवार को बोधगया के मध्य विद्यालय मस्तपुरा में मगध विश्वविद्यालय बोधगया के बी एड सत्र 2024-26 के प्रैक्टिस टीचिंग सेंटर पर प्रशिक्षु छात्रों द्वारा विद्यालय के बच्चों के बीच भारत सरकार के गाइडलाईन के तहत डिफेंस मॉक ड्रिल का अभ्यास कर जागरूकता अभियान चलाया गया ।इस दौरान प्रशिक्षु छात्र रोहित, प्रशांत, कोमल, सौरभ आदि ने बच्चों को युद्धाभ्यास में हवाई हमले के दौरान बिना डरे, बिना घबराए सुरक्षित स्थान पर जैसे पेड़ के नीचे, डेक्स में आदि जगहों पर छिपना, खाना पानी का समुचित व्यवस्था को तैयार रखने आदि के बारे में सिखाया और जागरूक किया गया ।इस मौके पर प्रशिक्षु छात्रों के अलावा मगध विश्वविद्यालय बोधगया के शिक्षा विभाग की प्राध्यापक डॉ रश्मि सिन्हा और मध्य विद्यालय मस्तपुरा के प्रधानाध्यापक गुलजारी लाल वर्मा मौजूद रहे।

## दो दुकानों के शटर में उपद्रवी ने दौड़ाया करंट, बाल - बाल बचे दुकानदार

**वजीरगंज(गया), 07 मई (तरुणमित्र)।** प्रखंड मुख्यालय के सामने जिला पार्षद मार्केट में मंगलवार की रात्री उपद्रवियों ने उत्पात मचाया और दो दुकान के शटर में करंट प्रवाहित करा दिया। दुकानदार रंजीत कुमार एवं मुन्ना सिंह तथा डॉ0 नौलेश सिंह ने बताया कि सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने के लिये जैसे हीं शटर को हांथ लगाया उन्हें करंट का झटका लगा, जिसके बाद गहनता से जांच के बाद पता चला कि दोनों दुकान के बाहर लगे बिजली मीटर से ही तार को काटकर उसमें लोहे की तार को शटर के स्टॉपर से बांध दिया गया था, जिसके कारण शटर में करंट प्रवाहित हो रहा था, संयोग था कि किसी को कुछ नहीं हुआ।

## सभी प्रखंडों में प्रतिदिन महिला संवाद कार्यक्रमों का हो रहा आयोजन

**गया, 07 मई (तरुणमित्र)।** जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है ।जिले के सभी प्रखंडों में प्रतिदिन महिला संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें अपने अधिकारों एवं अवसरों के प्रति सशक्त बनाना है ।कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाएं सामाजिक और विकासात्मक विषयों पर खुलकर अपने विचार साझा कर रही हैं ।महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, जिससे वे इसका लाभ ले सकें। महिलाएं अपनी आकांक्षाओं और सामुदायिक आवश्यकताओं को आयोजकों और अन्य लोगों के समक्ष रख रही हैं, जिनमें गाँव में सामुदायिक भवन, सामुदायिक पुस्तकालय, विद्यालय की उपलब्धता, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, नाली एवं जल निकासी की समस्याओं का समाधान, नल-जल और सड़कों की मरम्मत, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, रोजगार के अवसरों का विस्तार, वृद्धा पेंशन में बढ़ोतरी आदि शामिल हैं ।महिला संवाद कार्यक्रमों से महिलाओं में सामाजिक गतिविधियों से जागरूकता बढ़ी है ।कार्यक्रमों में दहेज प्रथा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए सामूहिक शपथ दिलाई जा रही है, साथ ही नशा मुक्त समाज के निर्माण और घरेलू हिंसा की रोकथाम के प्रति संकल्प लिया जा रहा है ।महिला संवाद कार्यक्रम गया जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सीटी एसपी ने धनगई थाना का किया निरीक्षण

**गया, 07 मई (तरुणमित्र)।** सीटी एसपी रामानंद कुमार कौशल के द्वारा बुधवार को धनगई थाना का औचक निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान सीटी एसपी ने ओ.डी. पदाधिकारी एवं गश्ती दल की सजगता और सतर्कता की जांच की। तत्पश्चात उन्होंने थानों में संधारित की जाने वाली सभी संचिकाओं को अद्यतन रखने, वारंट, इश्तिहार, कुर्की एवं लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन करने, फरार/वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने, अपराधियों और असामाजिक तत्वों की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने, आसूचना संकलन करने और प्रभावी पेट्रोलिंग करने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।इसके अतिरिक्त उन्होंने संपूर्ण थाना परिसर की जांच करते हुए साफ-सफाई और बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश दिए।

## भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर पूरे देश को गर्व : नीतीश कुमार

**पटना, 07 मई (तरूणमित्र)।** भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान पर किए गए ऑपरेशन सिंदूर की चौतरफा प्रशंसा हो रही है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भी ऑपरेशन सिंदूर पर प्रतिक्रिया आयी है। उन्होंने भी कहा है कि भारतीय सेना के साहस और पराक्रम पर आज पूरा देश गौरवान्वित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर हम सभी को अटूट विश्वास है। सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर नीतीश कुमार ने लिखा ₹जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर में आतंकवादियों के 09 ठिकानों को निशाना बनाया गया है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
गुरूवार, 8 मई 2025
विक्रम संवत्- 2082, बैसाख शुक्ल पक्ष- एकादशी

## आपरेशन सिन्दूर की सफलता

कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रेल को घूमने गए पर्यटकों पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी हमले में मारे गए 26 पर्यटकों के बाद पूरा देश आतंकवादियों और उसके आका पाकिस्तान पर सैनिक कार्यवाही का इंतजार कर रहा था। बुधवार सुबह करोड़ों देशवासियों की आंख खुलते ही दिल खुश करने वाली यह खबर मिल गई कि भारतीय सेना ने पीओके और पाकिस्तान के कुछ शहरों में चल रहे आतंकवादी कैम्पों और उनके मुख्यालय पर कार्यवाही कर उन्हें पूर्णतः नष्ट कर दिया है। इस सैन्य आपरेशन को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया है। आपरेशन सिन्दूर की योजना बनाने से लेकर उसे पूरा करने तक और फिर देश-विदेश को उसकी जानकारी देने तक हर काम पूरे योजनाबद्ध तरीके से किया गया। कानों-कान किसी को भनक नहीं पड़ने दी। पूरे देश के अनेक शहरों में मॉकड्रिल का ऐलान कर दिया गया। पाकिस्तान सीमा पर हवाई अभ्यास की बात कहकर पाकिस्तान को छलावे में रखा गया, सरकार रोजमर्रा के काम करती रही। यहां तक कि जातीय जनगणना जैसा राजनीतिक फैसला भी कर दिया। कैबिनेट की बैठक में भी रूटीन फैसले किए गए और पीएम मोदी रक्षा तैयारियों के साथ-साथ सरकारी कामकाज भी निपटाते रहे। भारतीय सेना ने बेहतरीन ढंग से ऑपरेशन को अंजाम दिया। हर कदम पर परफेक्शन और कहीं कोई चूक नहीं। पहलगाम हमले के बाद के ये 14 दिन भारतीय सेना के शानदार प्रदर्शन के लिए जाने इतिहास में सदैव जाने जाएंगे। भारतीय हमला कितना सटीक और तीव्र था, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान ने हमले में उसे हुए वृहद नुकसान और 26 मौतों को खुद स्वीकार कर लिया है। हालांकि अब भी पाकिस्तान मिलेटरी इस बात को स्वीकार नहीं कर रहा है कि मारे गए लोग आतंकी हैं। लेकिन इस बात की पुष्टि लगभग है कि पाकिस्तान में आपरेशन सिन्दूर के दौरान लगभग 100 से ऊपर आतंकी मारे गए हैं और इनमें कुख्यात आतंकी मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य भी शामिल हैं। हमले में एक और कुख्यात आतंकी हाफिज सईद के भाई के मारे जाने की खबरें हैं। कहा जा सकता है कि इस बार की भारतीय सैन्य स्ट्राइक का लेवल 2016 और 2019 के मुकाबले ज्यादा बड़ा है, जिसकी पूरा देश उम्मीद कर रहा थी। हालांकि भारतीय सेना सहित सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि अगर पाकिस्तान बात आगे नहीं बढ़ाए तो उसने आतंकवाद के खिलाफ फिलहाल अपनी कार्यवाही पूरी कर ली है। पर अगर पाकिस्तान कोई जवाबी कार्यवाही करता है तो भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब देने में पीछे नहीं हटेगी। यानी आगे बहुत कुछ पाकिस्तानी प्रतिक्रिया पर निर्भर करेगा। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के साथ सेना की ओर से कर्नल सोफिया कुरैशी और वायुसेना की ओर से स्क्वॉड्रन लीडर व्योमिका सिंह ने ऑपरेशन की जानकारी दी है और प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले एयर स्ट्राइक का दो मिनट का वीडियो प्ले किया गया। बहरहाल, फिलहाल जहां पाकिस्तान में इस स्ट्राइक को लेकर अफरातफरी का माहौल है तो भारत स्ट्राइक के बाद वैश्विक लाबिंग करने में जुटा है और दुनिया भर के शासकों से सम्पर्क में है। भारत के विपक्ष ने भी सेना की कार्यवाही की सराहना की है। फिलहाल, चीन और तुर्की को छोड़कर किसी अन्य देश ने पाकिस्तान के प्रति सहानुभूति नहीं दिखाई है। अब बारी पाकिस्तान की ओर से समझदारी दिखाने की है।

### नाम था सिंदूर !

घुस कर कार्रवाई ।
किया बड़ा है काम ।।
हिला पाकिस्तान ।
मिला बड़ा पैगाम ।।

सफल ऑपरेशन ।
नाम था सिंदूर ।।
धुंआ धुंआ पाकिस्तान ।
सेवा है भरपूर ।।

हुआ बदला पूरा ।
अड्डे किए तबाह ।।
सामने जो मंजर ।
हैं उसके गवाह ??।।

है अभी शुरूआत ये ।
करना बहुत बाकी ।।
रोना धोना चालू है ।
ना लगी चालाकी ।।



कृष्णेन्द्र राय

### सूडोकु नवताल- 7424

✶✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7423 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |

# 'आपरेशन सिंदूर' एक सख्त सन्देश



ललित गर्ग

### पहलगाम आतंकी हमले में सुहागनों के सिन्दूर को उजाड़ने वालों पर कड़ा प्रहार करते हुए 'आपरेशन सिंदूर' की सफलतम कार्रवाई हर भारतीय के सीने को गर्व से भरने वाली है।

बुधवार की सुबह पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की कई सटीक, संयमित एवं नपी-तूली कार्रवाई पाकिस्तान को करारा सबक एवं सख्त संदेश है। निश्चित ही अब भारत की आत्मा पर होने वाले हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। 'आपरेशन सिंदूर' में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम), लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े नौ ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान में मौजूद 90 आतंकी मारे गए। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए की गई, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। भारत भीतर घूस कर मारता है, इस बार भी उसने बिना पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश किये, आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने का कार्य किया, जो बहुत सराहनीय कदम है, गौरवान्वित करने और जोश से भर देनेवाली साहसिक एवं अनूठी घटना है।

'आपरेशन सिंदूर' से आतंकवाद को समाप्त करने की दिशा में एक सार्थक पहल हुई है। शांति का आश्वासन, उजाले का भरोसा भारत से ही क्यों किया जाता है, कब तक हम अपनी मानवीयता एवं संवेदनशीलता को दशार्ते रहेंगे? इस बार समूचा देश एकजुट हुआ, उन्हें तो आतंक का माकूल जबाव चाहिए था, पाकिस्तान में पोषित हो रहे आतंकवाद के लिये कठोर कार्रवाई चाहिए थी। वायुसेना की इस कार्रवाई से न केवल भारत को बल्कि समूची दुनिया को राहत की सांसें मिली हैं। इस कार्रवाई से भारत ने पाकिस्तान को बेहद सख्त और निर्णायक संदेश दिया है कि अब आतंकवाद नहीं चलेगा। भारत ने किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम बरता है। नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइलों से हवाई हमला किया गया। ऑपरेशन को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुझाया था, पहलगाम में 26 हिंदू पर्यटकों की नृशंस हत्या के बाद, यह जवाब भारतीय बहनों एवं सुहागिनों के लिए एक उचित प्रतिशोध है, जिन्होंने बर्बर आतंकी हमले में अपने पतियों को खो दिया।

भारत के बदले की कार्रवाई का समय भी महत्वपूर्ण है। एयर स्ट्राइक एक हिंदू परिवार में मौत के बाद शोक के 13 दिन (तेरहवीं) के बाद हुई और हमारी बहनों एवं पीड़ितों को उचित न्याय मिला है। भारतीय वायु सेना द्वारा अपनी सीमा के भीतर से दागी गई सटीक मिसाइलों के माध्यम से मुजफ्फराबाद, कोटली, गुलपुर, भिमबर, सियालकोट, चक अमरू, मुरीदके और बहावलपुर में केवल ज्ञात और पहचाने गए आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। भारत ने बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के कुख्यात आतंकी मुख्यालय को नष्ट कर स्पष्ट संदेश दिया है। जैश-ए-मोहम्मद चीफ हाफिज सैयद द्वारा बनाया गया यह स्थान आतंक का केंद्र, प्रयोगशाली एवं नर्सरी बन गया था। आगे भी भारतीय सेनाएं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम और तैयार हैं। भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के अपने संकल्प पर दृढ़ है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान की बहानेबाजी एवं आतंकवाद को लगातार प्रोत्साहन एवं पल्लवन देने की स्थितियों को देखते हुए यह आवश्यक हो गया था कि उसे न केवल सबक सिखाया जाए, बल्कि यह संदेश भी दिया जाए कि भारत अब उसकी चालबाजी में आने वाला नहीं है।

यदि भारत ने पाकिस्तान और वहां पल-पल पनप रहे आतंकवाद को सबक नहीं सिखाया तो वे पुलवामा, उरी, पहलगाम जैसी दुखद घटनाओं को अंजाम देते रहेंगे, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक सच्चे राष्ट्रभक्त एवं राष्ट्रनायक की भांति आतंकवाद की अनिर्णायक स्थिति में निष्पक्षता एवं कठोरता का पार्ट अदा किया हैं। अब तक हमने सदैव 'क्षमा करो और भूल जाओ' को वरीयता दी है। यही कारण है कि आतंकवाद बढ़ता गया, आतंकवादी पनपते गये, निर्दोष लाशें बिछती रही। अब यह वक्त बताएगा कि पाकिस्तान कोई सही सबक सीखता है या नहीं, लेकिन इसमें दोराय नहीं कि एयर स्ट्राइक से बिना उसकी सीमा में घुसे बड़े आतंकी अड्डे पर हमला करके यह बता दिया कि भारत के सहने की एक सीमा है, उसके धैर्य का बांध टूट गया है।

पाकिस्तानी सेना की उन्मादी मानसिकता एवं विकृत सोच को हम जानते हैं कि वह अपनी गंदी चालों से बाज नहीं आयेगा। लेकिन भारतीय सैन्य बल के सामने वह टिक नहीं पाएंगे। इस बार भारत पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारतीयों ने भी मोदी सरकार के नेतृत्व के पीछे अभूतपूर्व एकता दिखाई है। जाहिर है कि पाकिस्तान बड़े-बड़े दावे करेगा और दुनिया के सामने विक्टिम कार्ड खेलने की कोशिश करेगा। लेकिन पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश मिल गया है भारत के साथ खिलवाड़ न करें। फिलहाल पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय मिल गया है। पाकिस्तान से आतंक की जड़ों को मिटाने का यह स्पष्ट और सार्थक कदम है।


पाकिस्तान ने संयम एवं इंसानियत को छोड़ दिया है, उसने मयार्दा और सिद्धान्तों के कपड़े उतार कर नंगापन को ओढ़ लिया है। पूर्वाग्रह एवं आतंकवादी अहंकार के कारण वह विवेकशून्य हो गया है। उसको एवं उसके द्वारा पोषित आतंकवाद को परास्त करना जरूरी हो गया था, उसको परास्त करने का अर्थ उसे काबू में कर सही रास्ते पर लाना नहीं बल्कि आतंकवाद नेस्तनाबूद करना है। अब भी यदि वह सबक नहीं सिखता है तो उसका संकट बढ़ सकता है। भारत युद्ध नहीं चाहता, लेकिन पाकिस्तान युद्ध की मानसिकता से ग्रस्त है। उसे यह भी समझ आना चाहिए कि परमाणु बम के इस्तेमाल की उसकी धमकियां अब काम आने वाली नहीं। हर आतंकवादी घटना मानवीयता को घायल करती है और हर ऐसी जलने वाली लाश का धुआं मानवता पर कालिख पोत देता है। लेकिन आतंकवाद के शमन का रास्ता खोल कर भारत ने दुनिया को भी आश्वस्त किया है कि अब आतंकवाद की दिन लद गये है। भारत की कार्रवाई इस दिशा में एक सार्थक पहल है जिसने आतंकवाद के पैर ले लिये हैं, उसे पंगु बना दिया है। यह निश्चित ही सम्पूर्ण मानवता के लिये उजली सुबह की आहत है।

दरअसल, पाकिस्तान इसलिए अपनी आतंकी सोच बढ़ाता जा रहा था, क्योंकि उसे ठीक से कड़ा संदेश नहीं मिल रहा था। इस तरह उनकी हिम्मत बढ़ती गयी थी और उसने भारत में एक नहीं अनेक बार पहलगाम जैसी दर्दनाक घटनाओं को अंजाम दिया है। उनकी आतंकी योजनाओं को नाकाम करने की सख्त जरूरत पड़ी, ताकि आगे हम अपने और जवान न खोयें, निदोर्षों को मरते न देखें, अशांति को न झेले एवं भय को न जीये। भारत ने यह कर दिखाया है। तमाम आतंकी अड्डे को मटियामेट किया गया, वैसे तमाम अड्डे पाकिस्तानी सेना के संरक्षण और समर्थन से ही चलते रहे हैं। अभी तक पाकिस्तान ऐसे अड्डों को खत्म करने का दिखावा करने के साथ यह बहाना भी बनाता रहा है कि हम तो खुद ही आतंक के शिकार हैं। यह झूठ न जाने कितनी बार बेनकाब हो चुका है, किंतु पाकिस्तान बेशर्मी से बाज नहीं आता। सफल हवाई हमले को अंजाम देने के बाद भारत दुनिया को यह संदेश देने में भी कामयाब रहा कि उसने पाकिस्तान को निशाना बनाने के बजाय उसके यहां कायम आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। वायुसेना ने अपनी पराक्रम क्षमता और साहस का जो परिचय दिया, वह पाकिस्तान के साथ विश्व समुदाय को भी एक संदेश है। वह यह संदेश इसीलिए दे सकी, क्योंकि प्रधानमंत्री ने जरूरी राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय दिया। पाकिस्तान के मनोबल को तोड़कर ही आतंकवाद को परास्त किया जा सकेगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)




# देश में खुशी की लहर : सेना के जज्बे को सलाम



बाल मुकुन्द ओझा

भारत ने एक पखवाड़े के अंदर 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की धर्म पूछ कर की गई हत्या का बदला लेते हुए भारत के वीर सपूतों ने पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को मिटटी में मिला दिया। इस कायराना हमले में आतंकियों ने सिर्फ पुरुषों को निशाना बनाया था और महिलाओं को ये कहकर छोड़ दिया था कि जाओ जाकर मोदी को बता देना। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी अपने एक एक शब्दों पर कायम रहे और जो कहा उसे पूरा करके दुनिया को दिखा दिया। मोदी का जवाब पाकिस्तान में हाहाकार बनकर गूंज रहा है। भारतीय सेना के पराक्रम और ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। एयर स्ट्राइक के बाद भारत ने साफ संदेश दे दिया है हमले का जवाब मुंहतोड़ मिलेगा। आतंकियों को किसी भी हालत में छोड़ा नहीं जायेगा। गृह मंत्री अमित शाह ने पहले ही घोषणा कर दी थी हत्यारों और आतंकियों को चुन चुन कर मारा जायेगा। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष के उन लोगों को भी करारा जवाब दे दिया जो सरकार की नियत पर सवाल उठा रहे थे।

बताया जाता है इस एयर स्ट्राइक में सौ से अधिक आतंकी मारे गए। भारत ने पाकिस्तान के सैनिक अथवा नागरिक ठिकानों पर कोई हमला नहीं किया। भारत की इस कार्यवाही से पूरे देश में हर्ष की लहर दौड़ गई। लोगों ने जगह जगह अपनी खुशी का इजहार किया। लोगों ऑपरेशन सिन्दूर को सलाम किया है। हर कोई प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय सेना की तारीफ कर रहा है।

इस घटना के बाद सबके जुबान पर इसके बदले की बात आ गई। सभी आतंकियों से बदले की बात कर रहे थे। मीडिया और सोशल मीडिया से सरकार पर दबाव बन रहा था। हर नागरिक, सिविल सोसाइटी और विपक्ष सरकार को आतंकवादियों और उसके आका पाकिस्तान से बदला लेने के लिए कह रहा था। इस नृशंष हमले के बाद से समूचा देश गुस्से से उबल रहा था और पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा था। आखिरकरा पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय आर्मी ने 6 मई की आधी रात को पीओके और पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूत कर दिया है।

सेना की इस कार्यवाही को ऑपरेशन सिंदूर बताया गया है। भारतीय सेना की प्रवक्ताए कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने पाकिस्तान के खिलाफ 25 मिनट तक चले ऑपरेशन सिंदूर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। देश के इतिहास में पहली बार आर्म्ड फोर्स की दो महिलाएं प्रेस ब्रीफिंग करने आईं। इनमें से एक एयरफोर्स से और दूसरी सेना से हैं। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के साथ ये दोनों अधिकारी भी मीडिया से मुखातिब हुईं और ऑपरेशन सिंदूर की सम्पूर्ण जानकारी मीडिया से साझा की। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया, जिससे लगभग 100 आतंकवादी मारे गए। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया 7 मई की रात को 1.05 बजे भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान और पीओके में घुस कर ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया और ये ऑपरेशन करीब 25 मिनट तक चलाए उन्होंने बताया कि कैसे भारतीय वायु सेना ने सिलसिलेवार तरीके से पाकिस्तान में मौजूद आतंकी कैम्पों को तबाह किया। ये सभी वो ठिकाने थे जहां से भारत के खिलाफ कई आतंकी हमलों की साजिश रची गई थी और भविष्य में हमलों की योजना बनाई जा रही थी। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहाए ष्वीडियो में तबाह किए गए आतंकी शिविरों को दिखाया गया है, जिसमें मुरीदके भी शामिल हैए जहां 2008 के मुंबई आतंकी हमलों में शामिल अजमल कसाब और डेविड हेडली ने ट्रेनिंग ली थी। पाक मीडिया के सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान में डर का माहौल हैं और सरकार की ओर से नागरिकों के लिए कई निर्देश जारी किए गए हैं।

वहीं पाकिस्तान के संचार मंत्री तरार ने इस हमले का जवाब देने की धमकी दी है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई इस कार्रवाई में मोस्ट वॉन्टेड आतंकी मसूद अजहर के परिवार के 14 लोग भी मारे गए हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# ...बदला हुआ भारत, बदला लेना जानता है



डॉ. आशीष वशिष्ठ

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के एक पखवाड़े बाद भारत ने इसका जवाब उपयुक्त और निर्णायक ढंग से दिया। 6/7 मई की मध्यरात्रि भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके में आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाकर एयर स्ट्राइक की। इस कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकवादियों के मारे जाने और कई अन्य के घायल होने की खबरें आ रही हैं। भारत ने इस जवाबी कार्रवाई को नाम दिया है 'ऑपरेशन सिंदूर'। ये नाम उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पतियों की पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर हत्या कर दी थी।

इस सैन्य कार्रवाई को केवल रणनीतिक पलटवार नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस स्पष्ट संकल्प की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है, जो उन्होंने हमले के दो दिन बाद बिहार के मधुबनी से दिया था। 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस के मौके पर मधुबनी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम हमले पर गहरा शोक प्रकट किया और देशवासियों से दो मिनट का मौन रखवाया। इसके बाद उन्होंने एक कड़े और प्रतिज्ञाबद्ध स्वर में कहा था– 'मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने ये हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी।' बिहार मधुबनी में प्रधानमंत्री का दिया गया बयान अब 'ऑपरेशन सिंदूर' के रूप में धरातल पर उतर चुका है, जिसमें आतंकी नेटवर्क की जड़ें हिलाकर रख दी गई हैं। ऑपरेशन सिंदूर के लिए जिन आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिलाया गया है, उनमें से चार पाकिस्तान में और पांच पीओके में हैं।

पहलगाम में आतंकी हमला कोई पहली घटना नहीं था जिसको पाक का समर्थन प्राप्त था। दशकों से पाकिस्तान में पले–बढ़े और प्रशिक्षित आतंकी भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देते आए हैं। लेकिन हर बार घटना के बाद भारत सरकार का रवैया जबानी जमा खर्च तक रहा। दो चार दिन की बयानबाजी और कागजी कार्रवाई के बाद गाड़ी पुरानी पटरी पर दौड़ती रही।

और पाकिस्तान अपनी कारस्तानियों से बाज नहीं आया। 26 नवंबर 2008 की रात, भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई उस समय दहल उठी जब पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने समुद्र के रास्ते शहर में प्रवेश किया। हमले के दौरान, भारतीय सुरक्षा बलों, जिसमें मुंबई पुलिस, एनएसजी और अन्य कमांडो शामिल थे, ने तीन दिनों तक ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन में 9 आतंकी मारे गए, लेकिन अजमल कसाब को 27 नवंबर 2008 को जुहू चौपाटी पर जिंदा पकड़ लिया गया।

इस हमले में 166 लोग मारे गए, जिनमें 26 विदेशी नागरिक भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए। तत्कालीन कांग्रेस नीत यूपीए सरकार केंद्र की सत्ता में थी। प्रधानमंत्री थे डॉ. मनमोहन सिंह। इस घटना के बाद तत्कालीन भारत सरकार का रवैया जगजाहिर है। असल में तत्कालीन सत्तासीन दल का पूरा जोर इस बात पर था कि इस हमले में शामिल लोगों को हिंदू साबित किया जाए, जिससे वो हिंदू आतंकवाद की थ्योरी को स्थापित कर सके। गनीमत यह रही कि आतंकी अजमल कसाब जिंदा पकड़ लिया गया। वरना सुरक्षाबलों द्वारा मारे गए आतंकियों के हाथों मे षड्यंत्र पूर्वक बंधे कलावे से ही सरकार हिंदू आतंकवाद की थ्योरी स्थापित करने में सफल हो जाती। 12 मार्च 1993 को मुंबई के विभिन्न इलाकों खासकर हिंदू आबादी बहुल में 13 सिलसिलेवार बम धमाके हुए, जिसमें 257 निर्दोष नागरिकों की जान चली गई और 700 से ज्यादा निर्दोष नागरिक घायल हो गए। उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। पीवी नरसिंह राव देश के प्रधानमंत्री थे।

13 दिसंबर 2001 को, जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैय्यबा नामक आतंकवादी संगठनों के पांच आतंकवादियों ने भारत की संसद पर एक घातक हमला किया। इस आतंकी हमले का मुख्य आरोपी मोहम्मद अफजल गुरु था। इस हमले में दिल्ली पुलिस के पांच जवान, एक महिला कांस्टेबल और दो सुरक्षा गार्ड शहीद हो गए। 24 सितंबर 2002... शाम के करीब पौने पांच बजे का समय, ये वो दिन था जब गुजरात के अक्षरधाम मंदिर को आतंकियों ने अपना निशाना बनाया।

इस आतंकी हमले में मंदिर परिसर में मौजूद 32 श्रद्धालुओं और 3 सुरक्षाकर्मियों की जान गई थी। आतंकियों ने हथियारों से लैस होकर श्रद्धालुओं को निशाना बनाया था। इस घातक हमले में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकवादियों का संबंध था। आतंकवादियों को एनएसजी कमांडो ने मार गिराया था। संसद और अक्षरधाम हमले के समय देश में भाजपा नीत एनडीए के नेता प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी गठबंधन की सरकार चला रहे थे। देश में आतंकी घटनाओं की लंबी फेहरिस्त है। चूंकि देश में सबसे ज्यादा लंबे समय तक कांग्रेस का राज रहा है। ऐसे में पाक समर्थित आतंकवाद से निपटने के लिए बयानबाजी और डोजियर भेजने का जो तरीका कांग्रेस की सरकार ने शुरू किया, वो रिवायत 2014 तक जारी रही। हर आतंकी हमले के बाद भारत ने जिस तरह रिएक्ट किया, उससे पूरी दुनिया में यह मैसेज गया कि भारत एक 'सॉफ्ट स्टेट' है। भारत के इस टालू और ठंडे रवैये से पाकिस्तान के हौसले बुलंद हुए। 2004 से 2014 में कांग्रेस नीत यूपीए सरकार के शासन में आतंकियों के हौसले इतने बुलंद थे कि वो जहां चाहते थे आसानी से हमले को अंजाम दे देते थे। उन्हें पता था कि भारत सरकार का रवैया बयानबाजी और कागजी लिखा पढ़ी से ज्यादा कुछ नहीं होगा। वर्ष 2014 में केंद्र की सत्ता में भाजपा नीत एनडीए सरकार का आगमन हुआ। जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। मोदी सरकार ने सत्ता संभालने के साथ आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करना शुरू किया। जिसका नतीजा यह रहा है कि कश्मीर को छोड़कर देश के किसी हिस्से में आतंकी घटनाओं की खबर सामने नहीं आई। कश्मीर में स्थानीय लोगों की मदद से आतंकियों और उनके सरगनाओं के हौसले बुलंद है। 2019 में धारा 370 को हटाने के बाद घाटी के हालात तेजी से बदले। के बाद से देश में आतंकी घटनाओं का ग्राफ गिरा है। 18 सितंबर 2016 में जम्मू-कश्मीर स्थित उरी भारतीय सेना के ब्रिगेड हेडक्वार्टर पर जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकवादियों ने सुबह सवेरे घात लगाकर हमला किया। हमले में हमारे कई जवान शहीद हुए। इस हमले के महज 10 दिन बाद भारतीय जवानों ने 28-29 सितंबर की दरम्यानी रात को पीओके में सीमा के भीतर तीन किलोमीटर अंदर तक घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर डाला। पाकिस्तान को सबक सिखाने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता था।

जम्मू कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 की शाम करीब तीन बजे सीआरपीएफ के एक काफिले को श्रीनगर-जम्मू हाईवे पर आतंकी हमला हुआ था।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## आज का राशिफल

**मेष** : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष** : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे।

**मिथुन** : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**कर्क** : सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह** : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या** : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**तुला** : आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**वृश्चिक** : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु** : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर** : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**कुंभ** : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मीन** : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर अधिवक्ताओं ने मनाया जश्न

**पूर्वी चंपारण, 07 मई (तरूणमित्र)।** विश्व हिन्दू परिषद के विधि प्रकोष्ठ के तत्वाधान मे बुधवार को कोर्ट परिसर मे अधिवक्ताओ तथा अधिवक्ता लिपिको ने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिन्दूर पर जमकर जश्न मनाया और सेना का मनोबल बढाने के लिए जमकर नारे बाजी किया। इस दौरान अधिवक्ताओ ने भगवा और तिरंगा लहराकर सेना के पराक्रम के समर्थन मे प्रदर्शन किया और एक दूसरे को मिठाईयां खिलाई। मौके पर विहिप के बिहार झारखंड के विधि प्रकोष्ठ प्रमुख अशोक श्रीवास्तव अधिवक्ता ने कहा कि अब तो नगाड़ा बज ही चूका है सीमा पर शैतान का नक्शे पर से नाम मिटा दो पापी पाकिस्तान का। इन्होने सेना का



पराक्रम का स्वागत करते कहा कि भारत की आम जनता की जो राय थी वो मोदी सरकार तथा सेना के जवानो ने कर दिखाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक उमेद्र वर्मा ने किया।

मौके पर शैलेन्द्र कुमार सिंह मनोज कुमार सिंह नरेन्द्र दूबे रवि भूषण वर्मा पवन कुमार गुप्ता आलोक चन्द्र गौतम कुमार गणेश कुमार संजय पटेल मनीष वर्मा रजनीश मिश्रा रजनी कान्त अनिल कुमार सिंह अजय वर्मा शिवेस वर्मा प्रदीप श्रीवास्तव शिवपूजन राऊत तथा अधिवक्ता लिपिक सह विहिप जिलाउपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सिंह राजेन्द्र ठाकुर ध्रुव मिश्रा सुरेश प्रसाद सोना लाल सोनू तथा विहिप के विभाग सेवा प्रमुख जितेन्द्र कुशवाहा गणेश ठाकूर सहित सैकड़ो अधिवक्ता तथा अधिवक्ता लिपिक और विहिप पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## अनियंत्रित कार ने सड़क के किनारे खड़े लोगों में टक्कर मारी, एक की मौत

**नोखा ( रोहतास), 07 मई (तरूणमित्र)।** नोखा थाना क्षेत्र के बालिगावा गांव के पास अनियंत्रित कार ने सड़क के किनारे खड़े लोगों में टक्कर मार दी। एक की मौत इलाज के दौरान हो गई और चार गंभीर अवस्था में घायल हो गए। सभी घायलों को सासाराम इलाज के लिए भेजा गया। आक्रोशित लोगों द्वारा सड़क जाम कर दिया गया। मौके पर नोखा थाना, धर्मपुरा, थाना दिनारा थाना कई थाना के पुलिस पहुंचकर के ग्रामीणों से बातचीत करके जाम को समाप्त कराया गया। घटना को लेकर के बताया जा रहा है कि बलिगांवा गांव में एक शादी समारोह में हल्दी का रस्म चल रहे था। सड़क के किनारे खड़े लोगों को एक कार द्वारा अनियंत्रित होकर के टक्कर मार दी गई।चालक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दी गई। चालक की पहचान मोर सराय गांव निवासी के रूप में की गई। पुलिस ने हिरासत में ले लिया आक्रोशित लोगों द्वारा सड़क जाम करते हुए बवाल काटा गया। घटना किसने 112 नंबर की पुलिस पहुंची तो उसे ग्रामीणों के विरोध करना पड़ा। जिसे की पुलिस को सूचना दी। मौके पुलिस पहुंच करके बातचीत करने के सड़क जाम को समाप्त कराया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालकार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बालिगांवा गांव में एक कार की चपेट में आने से बालिगावा गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार पिता समता सिंह की मौत इलाज के दौरान हो गई।

## सुपौल में धुमधाम से मनाया गया जानकी नवमी

**सुपौल, 07 मई (तरूणमित्र)।** मिथिला की बेटी मां सीता का जन्मोत्सव का मंगल आयोजन सुपौल शहर के स्टेशन रोड स्थित धताल दास ठाकुरबाड़ी के प्रांगण में धूमधाम से किया गया इस अवसर पर भव्य पूजा पाठ के साथ सुंदरकांड हनुमान चालीसा का पाठ के साथ आरती किया गया । तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया और भंडारा का आयोजन भी किया गया। आध्यात्मिक सत्संग समिति द्वारा जानकी नवमी का सफल एवं भाव्य आयोजन लगातार 1999 से किया जाता रहा है।

सुंदरकांड का पाठ महेश कान्त मिश्र एवं सुरेन्द्र चौधरी जी के द्वारा किया गया? ।कार्यक्रम के संयोजक



नलिन जायसवाल ने सनातनियों से मां सीता,मिथिला की बेटी के प्राकट्य दिवस को विशेषकर मिथिला में धूमधाम से मनाए जाने की अपील की,जानकी नवमी के दिन हर घर में माता सीता की अवश्य पूजा करें।

सुंदरकांड के सामूहिक पाठ में धतालदास ठाकुरबाड़ी के सचिव शत्रुघ्न जायसवाल, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी, सदस्य मनीष कुमार साह,पुजारी भीमशंकर झा, संजीव कुमार सिंह,पूर्व मुखिया महेश कुमार मंडल,सुजीत पाठक, रंजीत झा,चंदन कुमार जायसवाल, रीना बाला, योगमाया देवी,संतोष कुमार, हीरालाल कामत,चंदन कुमार सहित दर्जनों भक्त जन उपस्थित हुए ।

## भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम से 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता

**सुगौली, 07 मई (तरूणमित्र)।** भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम से 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद आज प्रातःसुगौली बाजार में 'भारत माता की जय' का ओजस्वी उद्घोष किया,तो सम्पूर्ण वातावरण राष्ट्रभक्ति की भावधारा से सराबोर हो उठा। हर दिशा में गर्व,श्रद्धा और सुकून की लहर दौड़ गई। इस ऐतिहासिक क्षण पर प्रधानमंत्री मा.नरेंद्र मोदी,गृह मंत्री मा.अमित साह तथा रक्षा मंत्री मा.राजनाथ सिंह के प्रति गहरा आभार व्यक्त करता हूं – यह केवल एक सैन्य अभियान नहीं, अपितु हर भारतीय के हृदय की पीड़ा पर मरहम रखने वाला क्षण है।

यह ऑपरेशन भारतीय सेना के अदम्य शौर्य,पराक्रम और संकल्प का सजीव प्रमाण है। हमें अपनी सेना पर गर्व है,जो हर बार देश की अस्मिता के लिए ढाल बनकर खड़ी होती है। मौके पर



भाजपा नेता अंकुर कुमार चौधरी,विश्व हिन्दू परिषद अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, बाबा मनीष दास,मनोज खण्डेलवाल, रामाश्रय पासवान,प्रियाशु सर्राफ, रोहित सिंह,बेचु साह,आदित्य अग्रवाल,जगदीश राम,सुमन सौरभ सर्राफ,लक्ष्मण शर्मा,विकास राम एवं शंकर दास ईत्यादी उपस्थित रहें।

## पशुओं में होने वाले खुरपका और मुंहपका रोग के खिलाफ टीकाकरण का हुआ आयोजन

**सुगौली, 07 मई (तरूणमित्र)।** प्रखंड के दक्षिणी सुगांव, उत्तरी सुगांव सहित अन्य पंचायत में खुरपका और मुंहपका रोग (एफएमडी) से बचाव हेतू पशु टिकाकर्मी सह वीएलई अवधेश कुमार गुप्ता के द्वारा डोर टू डोर पशुओं को निःशुल्क टिकाकरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखण्ड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रविशंकर देव वर्मन ने किया। खुरपका और मुंहपका रोग के संबंध में पशुपालकों को जागरूक करते हुए पशु टिकाकर्मी अवधेश कुमार गुप्ता ने बताया कि गायों और भैंसों को खुरपका रोग काफी प्रभावित करता है, यह काफी तेजी से फैलने वाली एक संक्रामक बीमारी है, जिसके कारण गायों और भैंसों के दूध उत्पादन में काफी कमी आ जाती है। ऐसे में इस बीमारी के रोकथाम के लिए गायों और भैंसों का टीकाकरण करना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अगर आप पशुपालन करते हैं, तो सबसे पहले खुरपका रोग का कारण, लक्षण एवं नियंत्रण के तरीके जानना जरूरी है। खुरपका रोग का कारण, इस रोग का मुख्य सूक्ष्म कीट हैं, जो आंखों से नहीं दिखते हैं, इस कीट को विषाणु या वायरस भी कहा जाता है। खुरपका रोग का विषाणु अब तक ज्ञात सभी विषाणुओं से आकृति में छोटा है। खुरपका रोग के प्रमुख लक्षण जैसे पशुओं को तेज बुखार आना, पैरों में सूजन आना, खुरों के बीच में छोटे-छोटे दाने उभरना और फिर छल्ले बन जाना, अगर रोग बढ़ता है, तो यह छल्ले फलने लगते हैं और जख्म का रूप ले लेते हैं, खुर में जख्म होने की वजह से पशुओं को चलने में तकलीफ होती है, पैरों के जख्म में कीचड़ और मिट्टी लगने से कीड़े लगने लगते हैं, सबसे बड़ी बात गर्भवती पशुओं में गर्भपात होने की संभावना बढ़ जाती है, अगर किसी पशु को खुरपका रोग लग जाए, कई बार पशुओं की मृत्यु भी हो सकती है।

## पाकिस्तान पर हुए सैन्य कार्रवाई के बाद सासाराम में जश्न, बांटीं गई मिठाईयां

**सासाराम, 07 मई (तरूणमित्र)।** बीते 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ पाकिस्तान के नौ आतंकवादी ठिकानों पर बीती रात भारतीय सेना द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर बुधवार को सासाराम में जश्न का माहौल देखने को मिला।

शहर के पोस्ट ऑफिस चौराहे पर एनडीए समर्थकों ने मिठाईयां बांटी और भारतीय सेना तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में नारेबाजी की गई। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने कहा कि जिस तरह पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर कायराना हमला किया गया था, आज उसे हमले का हमारे देश की जवानों ने बदला ले लिया है। भारतीय सेना ने अपना



पराक्रम दिखाते हुए पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर हमला कर उसे मिट्टी में मिला दिया है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई इस कार्रवाई से पूरे देशवासियों का सीना 56 इंच का हो गया है और सर गर्व से उंचा हो गया।

उन्होंने कहा कि भारतीय युवा मोर्चा इस मौके पर मिठाई बांटकर भारतीय सेना का हौसला अफजाई कर रही है।

उल्लेखनीय है कि पहलगाम हमले के बाद से हीं पूरा देश भारत की इस सैन्य कार्रवाई का बेसब्री से इंतजार कर रहा था। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इससे पूर्व नदियों का पानी, व्यापार, एयर स्पेस आदि बंद कर पाकिस्तान को इस कायराना हमले का जवाब दे दिया था, लेकिन अब हमारी सेना ने भी भारत में रहते हुए पाकिस्तान के लगभग 100 किलोमीटर अंदर आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त कर अपना बदला लिया है। जिससे पूरे देश भर में जश्न का माहौल है।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय खाद्य तेल-तेलहन मिशन अंतर्गत कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन

**मोतिहारी, 07 मई (तरूणमित्र)।** बुधवार को प्रभारी जिलाधिकारी मुकेश कुमार सिंहा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय खाद्य तेल-तेलहन मिशन अंतर्गत कार्यकारिणी समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी, वरीय वैज्ञानिक -सह- प्रधान, सहायक निदेशक उद्यान, अग्रणी बैंक प्रबंधक, दिव्य दर्शन एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लि0 एवं समृद्धि किसान उत्पादकर पर योजना तैयार करने पर चर्चा की



गई। जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया हे कि तेलहनी फसलों का राज्य द्वारा जिले में क्षेत्रफल उत्पादक उत्पादकता का लक्ष्य जिला में तैयार करना सुनिश्चित किया जाय। परीक्षण के लिए नमूना संग्रहण, बीजों का वितरण किसानों का प्रशिक्षण करने से फिल्ड स्कूलों का आयोजन किया जाय।जिलाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया है कि तकनीकी सहायता एजेंसी, कृषि विज्ञान केंद्र, पीपराकोठी द्वारा उक्त कार्य को ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाय। प्रबंध निदेशक, कोऑपरेटिव सोसाइटीज के द्वारा बताया गया कि जिला में पैक्स का कंप्यूटराइजेशन का कार्य किया जा रहा है।यह कार्य डीएलएमआईसी के द्वारा किया जा रहा है। इसके अंतर्गत पहले चरण में 183, द्वितीय चरण में 135, तृतीय चरण में 36 पैक्स का कंप्यूटरीकरण का कार्य लिया गया है। वर्तमान में 21 योग्य पैक्स का कंप्यूटरीकरण के लिए चयन किया गया है।अंत में धन्वयवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन किया गया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### चौकस दिखी रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेल पुलिस

**डेहरी आन सोन , 07 मई (तरूणमित्र)।** रोहतास भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान पर किये गये बहादुरी पूर्ण हमले को लेकर वरीय अधिकारियों के दिशा निर्देश एवं आदेश पर यात्रियों, रेल कर्मचारियों एवं उनके परिजनों में सुरक्षा की भावना बढ़ाने एवं बनाये रखने के लिए रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेल थाना डेहरी आंन सोन द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्मो, प्रतिक्षालय, सकुर्लेटिंग एरिया, वाहन पड़ावों के साथ ही साथ आवासीय रेल क्षेत्र में किया गया। सभी को असमान्य परिस्थिति, संदिग्ध व्यक्ति अथवा व्यक्ति की सूचना रेलवे हेल्पलाइन नंबर-139 या अन्य माध्यमों से देते हुए रेल में निर्भीक होकर यात्रा करने का संदेश दिया गया। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट-डेहरी ऑन सोन क्षेत्राधिकार के सभी कैंपिंग ड्यूटी स्टाफ को चौकस रहने बात आदेशित एवं निर्देशित किया गया।

### मारपीट कर स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल छीनी

**नासरीगंज रोहतास, 07 मई (तरूणमित्र)।** थानाक्षेत्र के रामाडीह-सरावं पथ पर अज्ञात अपराधियों द्वारा मारपीट कर एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल छीन लिए जाना का मामला प्रकाश में आया है। यह घटना सोमवार की रात को उस समय घटी जब उक्त बाइक पर सवार होकर दो लोग अपने घर जा रहे थे। इस मामले में पीड़ित शशि भूषण पांडेय ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि वह सखरा गांव में एक तिलक उत्सव में शामिल होने के बाद अपने एक मित्र के साथ वापस घर लौट रहे थे। तभी दो बाइक पर सवार चार लोग पीछे से आए और ओवर टेक कर उनकी बाइक रोकवा दी। और मारपीट कर उनसे बाइक छीनकर फरार हो गये। पीड़ित ने बताया है कि चारों अज्ञात बीस से पच्चीस वर्ष की आयु के युवक थे। इधर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। और दोषियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

### अंग्रेजी शराब के साथ एक शराब तस्कर गिरफ्तार

**डेहरी आन सोन , 07 मई (तरूणमित्र)** ।रोहतास बुधवार को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन के सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी साथ आरक्षी अभिमन्यु सिंह एवम अपराध आसूचना शाखा गया के प्रधान आरक्षी सर्वजीत राय तथा स्थानीय थाना डालमिया नगर के अवर निरीक्षक राम पुकार मिश्रा साथ स्टाफ संयुक्त रूप से निरीक्षक प्रभारी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन राम विलास राम के नेतृत्व डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर गस्त कर रहे थे उसी दौरान प्लेटफार्म संख्या 04&05 के पूर्वी छोर पर एक व्यक्ति पीयूष कुमार, उम्र-19 वर्ष, पिता संजय सिंह , पता- सनाथ बिगहा, थाना- डालमिया नगर, जिला- रोहतास बिहार को एक हरे रंग के एक पिट्ठू बैग में करीब 11.715 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा गया जिसका कुल कीमत 8590/झ रुपए है। कब्जे से बरामद अंग्रेजी शराब के बारे में पूछने पर उक्त व्यक्ति ने बताया कि अंग्रेजी शराब को बिहार में बेचने के लिए ले जा रहा हूं। तत्पश्चात मौके की सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए अग्रिम कार्यवाही वास्ते उक्त व्यक्ति व जब्त अंग्रेजी शराब को स्थानीय थाना डालमिया नगर को सुपुर्द किया गया।

## महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**मोतिहारी, 07 मई (तरूणमित्र)।** बुधवार को पूर्वी चंपारण जिले के सभी प्रखंडों में 27 प्रखंडों में कुल 28 महिला संवाद रथ के माध्यम से जीविका ग्राम संगठनों के द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया । महिला संवाद कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं एवं छात्राएँ समस्या से लेकर समाधान तक की बातें कर रही हैं सरकार द्वारा महिला उत्थान एवं सशक्तिकरण की दिशा में क्रियान्वित योजनाओ पर भी अपनी बाते प्रमुखता से रख रही हैं महिलाये अब सड़क, नाली, आवास, शौचालय, नल-जल से इतर अब अपने लिए रोजगार की मांग कर रही हैं संवाद के माध्यम से महिलाये अपने मन की बातों को साझा कर



रही हैं महिला संवाद ग्रामीण महिलाओं के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है, जहाँ पर वह अपने अनुभव, संघर्ष, विचार एवं सफलता की कहानियां साझा कर रही हैं । महिला संवाद ने महिलाओं को न सिर्फ अभिव्यक्ति की आजादी दी है, बल्कि उनके मेहनत साहस को भी मजबूत तंत्र प्रदान किया है। महिलाये अब अपने घर से निकल कर विकास की बातें कर रही हैं । कार्यक्रम के दौरान सभी ग्राम संगठनों में महिला संवाद रथ के माध्यम से बिहार सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को वीडियो और लीफलेट के माध्यम से दिखाया और बताया जा रहा है । प्रत्येक कार्यक्रम की अवधि 2 घंटे की होती है। जिसमें 45 मिनट फिल्म दिखाया जाता है जिसमें आरक्षण के तहत सरकारी योजनाओं, साईकिल , पोषाक योजना, जीविका , लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान आदि के बारे में सरकार द्वारा किये जा रहे कार्य के बारे में विस्तार से दिखाया जा रहा है ।

ताकि ग्रामीण स्तर पर रह रहे लोग अलग अलग योजनाओं के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्राप्त कर सके। इसके अलावा सरकार द्वारा चलायी जा रही योजना का लीफलेट भी उपस्थित महिलाओं को दिया जा रहा है।

## स्थापना दिवस सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**तिलौथू रोहतास, 07 मई (तरूणमित्र)।** कैमूर पहाड़ी की सुरम्य तलहटी एवं मां तुतला भवानी की पावन गोद में स्थित मां कामाख्या पॉलिटेक्निक कॉलेज, रामडीहरा, तिलौथू में स्थापना दिवस सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रजनीश कुमार, विशिष्ट अतिथि राधा शांता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार सिंह, सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य जंगलेश प्रसाद चौरसिया, शिशु संस्कार केंद्र के प्रधानाचार्य उमेश शुक्ला, जीवन उत्सव पब्लिक स्कूल चंदनपूरा के डायरेक्टर मिथिलेश विश्वकर्मा, गंगा चौधरी, अमित राज, अभिजीत सिंह, तन्नू श्री, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रशांत कुमार एवं पत्रकार सत्यानंद कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्थापक स्वर्गीय ई. धर्मदेव सिंह एवं मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति से सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य वक्ता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रजनीश कुमार ने आधुनिक एवं व्यवसायिक शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से तकनीकी शिक्षा से जुड़ने का आह्वान किया।

## शिक्षक एव छात्रों ने ऑपरेशन सिंदूर का किया समर्थन

**मोतिहारी, 07 मई (तरूणमित्र)।** आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के प्रति महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने समर्थन जताया। उपस्थित लोगों ने कहा कि भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य पर हमें पूर्ण विश्वास है । भारत सरकार के निर्णय का हम पुरजोर समर्थन करते हैं। आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जानी चाहिए। बार-बार मौका दिए जाने के बावजूद पाकिस्तान को आतंकवाद को प्रायोजित करना भारी पड़ेगा। बताते चलें कि भारत को अब सॉफ्ट स्टेट मानना किसी की भी गलती हो सकती है। भारत बदल चुका है। अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए मजबूती के साथ खड़ा है। ऑपरेशन सिंदूर बहुत ही प्रतीकात्मक है। आतंकवादियों को इसका परिणाम भुगतना ही होगा। आतंकवाद का पोषण करने वाले देश पाकिस्तान को भी बड़े सबक देने की जरूरत है। भारतीय सेना इसके




लिए सक्षम भी है और तत्पर भी। हम हर स्थिति में एकजुट है और भारतीय सेना पर हम सभी को गर्व है। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में शिक्षक भी उपस्थित रहे। डॉ आशा मीणा, डॉ गरिमा तिवारी, डॉ मनीषा रानी, डॉ बबलू पाल, डॉ गोविंद प्रसाद वर्मा, डॉ उपमेश तलवार डॉ असलम खान सहित कई शिक्षक मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान महेश, धीरज, सलोनी, अमनदीप, ज्योति, अंजू, सूरजभान, अदिति , सत्यम राज, अरविंद कुमार, अरमान कुमार, आनंद कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे।उक्त आशय की जानकारी प्रो० श्यामनंदन ने दी।

## आठ घंटे के भीतर लड़के को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

**बिक्रमगंज (रोहतास), 07 मई (तरूणमित्र)।** बुधवार को काराकाट थाने की पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए 8 घंटे के भीतर ही गायब हुए लड़के को सकुशल बरामद करअपनी कामयाबी हासिल की है। मालूम हो कि काराकाट थाना अंतर्गत मोथा गांव से पिछले 5 मई को शाम 6:00 बजे एक लड़के की गायब होने की सूचना पुलिस को मंगलवार के शाम को काराकाट थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई जाती है। इस संबंध में थानाध्यक्ष काराकाट भागीरथ कुमार ने बतलाया कि काराकाट थाना कांड संख्या 253 भाग 25 के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस सक्रिय हुई और पुलिस ने एफआईआर दर्ज होने के महज 8 घंटे के भीतर ही लड़के को सकुशल बरामद कर लिया है।

# कांग्रेस ने संविधान बचाओ न्याय पद यात्रा का किया आयोजन




**सासाराम, 07 मई (तरूणमित्र)।** केंद्र सरकार के नीतियों के विरोध में और संविधान के मूल भावनाओं की रक्षा के लिए रोहतास जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा संविधान बचाओ न्याय पद यात्रा का आयोजन किया गया यात्रा की शुरूआत रोहतास जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा गांधी आश्रम से गांधी स्मारक होते हुए पोस्ट ऑफिस चौराहा तक किया गया जिसका अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार पांडे ने किया इस प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं के हाथों में तख्तियां झंडा एवं संविधान एवं लोकतंत्र में के पक्ष में नारे के लगाए गए जिला अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार पांडे ने कहा कि केंद्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने का काम कर रही है यह यात्रा आमजन मानस को जागरूक करने के लिए किया गया है साथ ही जिला अध्यक्ष ने कहा की संविधान इस देश का आत्मा है और जब संविधान पर कोई चोट करने का काम करेगा तो कांग्रेस पार्टी इसके खिलाफ मुखर होकर प्रदर्शन करने का काम करेगी।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम जी और कृष्णा हलावरु के निर्देश पर बिहार में संविधान बचाने यात्रा का आयोजन किया गया है हम लोग देश के गरीब किसान मजदूर की पिछड़ा आदिवासी दलित के हक की सभी लोग साथ मिलकर लड़ेंगे और जो समाज में नफरत का बीज बोया जा रहा है उसको हम सब लोग मिलकर खत्म करेंगे और एक गंगा जमुनी की तहजीब जो भारत की संस्कृति रही है और भाईचारा वाला एक समाज का निर्माण करेंगे आज देश में गरीबों का आवास सुनने वाला कोई नहीं है सरकार संविधान के साथ छेड़छाड़ कर रही है जिसको हम लोग कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे यात्रा में हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए और संविधान बचाओ के नारे के साथ सरकार की नीतियों का विरोध करने का काम किया जो भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ जो जवाबी कार्रवाई किया है कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने नेताओं ने भारतीय सेना के सम्मान में भी नारा लगाया उनका हौसला बढ़ाने का काम किया और कहा कि हम लोग भारतीय सेना के हमेशा साथ है और आगे भी रहेंगे इस कार्यक्रम में बिहार प्रदेश यूथ कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी मोहम्मद शाहिद की मुख्य रूप से उपस्थित रहे और इस संविधान बचाओ यात्रा में संविधान बचाने की लड़ाई कांग्रेस जो कांग्रेस पार्टी लड़ रही है उसमें शामिल कार्यकताओं मोहम्मद शाहिद ने मनोबल बढ़ाने का काम किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला कोर्डिनेटर पंकज पासवान जी राजेश्वर कुशवाहा तौफीक अहमद मकरानी विवेक कुमार रिंकू देवी मनीष चौबे युवा कांग्रेस के कॉर्डिनेटरअजीत तिवारी मंगल राम पतंजलि मिश्रा जौहर अली टुन्नू जी मनोज कुमार सिंह श्वेता देवी प्रीतम राज बंटी पंकज कुमार हीराराम मानस रंजन सुमंत कुमार नवल किशोर अली हुसैन डॉक्टर जावेद अख्तर सोनू पासवान जयप्रकाश पांडेय शमी अहमद अखिलेश त्रिपाठी लल्लू दुबे इंजीनियर सुखदेव राम रूपेश चौबे दीपक शुक्ला राधा प्रसाद सिंह तेजपत्ति राम श्री भगवान सिंह धनंजय सिंह राजाराम पासवान अरविंद सिंह विमलेश तिवारी सुरेंद्र दुबे जोखन बिंद लोकेश तिवारी आशा देवी मनोज सिंह इंद्रजीत कुशवाहा ज्ञानचंद ओझा श्रीनिवास राम रोहित पासवान रंजीत राम सुनील पटेल सूर्यकांत कुमार विशाल मल्होत्रा गोपाल चंद्रवंशी बैजनाथ चौबे संजय मेहता राकेश त्रिपाठी चंद्रमा पांडे सतीश कुमार पांडे रामनारायण राम मुन्ना भारती आलोक मेहता सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुआ।

## ऑपरेशन सिंदूर की गूंज से गूंजा जिला, वीरता की जीत पर जश्न में डूबे लोग

**दिनारा, 07 मई (तरूणमित्र)।** पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता ने पूरे देश के साथ-साथ जिले में भी गर्व और गर्जना का वातावरण पैदा कर दिया है। जैसे ही यह समाचार आम हुआ कि सेना ने सीमा पार आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त कर दिया है, वैसे ही जिले के विभिन्न हिस्सों में लोगों ने दीप जलाकर, मिठाइयां बांटकर और भारत माता की जय के उद्घोष के साथ जश्न मनाया। महिलाओं की आंखों में गर्व, युवाओं में जोशयह ऑपरेशन उन वीरांगनाओं को समर्पित रहा जिनके सिंदूर को पहलगाम की हिंसा ने छीन लिया था। जिले की महिलाओं ने इसे 'न्याय का पुनर्स्थापन' बताया। विद्यालयों में शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि यह ऑपरेशन भारत की सहिष्णुता नहीं, बल्कि उसकी संकल्प शक्ति का परिचायक है। जनप्रतिनिधियों ने कहा सेना का यह पराक्रम देश की आत्मा की आवाज स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर यह स्पष्ट करता है कि भारत अब मौन नहीं, निर्णायक है।

# न पता, न ठिकाना और अठारह साल से मियां बीबी कर रहे नौकरी

सत्य प्रकाश

**गोपालगंज, 07 मई (तरूणमित्र)।** काल्पनिक पता और ठिकाना बनाकर विगत अठारह वर्षों से सरकारी नौकरी करने वाले मियां बीबी की असलियत पर सस्पेंस बरकरार है. पहलगाम नरसंहार के बाद विदेशी और दुश्मन देश के लोगों की भारत में गतिविधियां उजागर हुई हैं. किसी प्रकार घुसपैठ कर किसी की आईडी पर ऐसे लोगों ने पहचान पत्र तक बनवा लिया है और मजे से सरकारी सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं. ये और कोई नहीं पाकिस्तानी या बंग्लादेशी हैं।

ऐसा हीं एक सनसनी पैदा करने वाला मामला प्रकाश में आया है. गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर प्रखंड क्षेत्र के दिघवा दुबौली उत्तर पंचायत में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय दिघवा में वर्ष 2006 में एक युवक का नियोजन कर दिया गया. उस युवक का नाम खालिद हुसैन पिता ऐहसान मुहम्मद जन्म तिथि 01.01.1973, पता UMVI दिघवा गोपालगंज बिहार है. मतदाता पहचान पत्र में इनका गृह संख्या 41 अंकित किया गया है जो सब काल्पनिक है. अंकित पता के अनुसार विद्यालय इनका घर है और गृह संख्या 41 के अनुसार गृह संख्या 41 सरफुद्दीन अंसारी का घर है. खालिद हुसैन दिघवा गांव के निवासी हीं नहीं हैं. बस नौकरी हथियाने के लिए संभावित विदेशी व्यक्ति ने किसी के आइडेन्टिटी का इस्तेमाल कर अपनी आइडेन्टिटी बनवा लिया और विगत अठारह सालों से नौकरी में जमे हुए हैं।

मतदाता क्रमांक में इनका 1250 पर नाम अंकित है तथा बूथ संख्या 285 के मतदाता बनकर भारतीय लोकतंत्र में अपनी भागीदारी भी सुनिश्चित कर लिया है. इनका इपिक नम्बर श्क्र1401595 है. मियां बीबी ने पहचान पत्र में अलग-अलग मकान संख्या दिखाई है. खालिद हुसैन की पत्नी का मकान संख्या 40 है जो का मकान है और सम्बद्ध गांव दिघवा है. खालिद हुसैन की पत्नी खालिदा फरहत हैं तथा इनका मतदाता आईडी कार्ड संख्या ZVF 1401603 है. खालिदा फरहत का आवासीय पता 40 उ. म. वि.दिघवा दिघवा गोपालगंज,दिघवा दुबौली गोपालगंज बिहार,पिन 841409 अंकित किया गया है. अपने मूल आवासीय पता को छुपा कर भारत सरकार के निर्वाचन आयोग के वोटर आईडी पर स्कूल को हीं आवासीय पता अंकित करवाया गया है तथा विगत अठारह सालों से इस काल्पनिक पते पर तनख्वाह लेने का खेल चल रहा है. नियोजन वाले विद्यालय को आवासीय स्थायी पता और गृह संख्या 40 और 41 भी काल्पनिक बता कर अपनी असलियत छुपाने का राज क्या है. कहीं खालिद हुसैन और खालिदा फरहत पाकिस्तानी तो नहीं या बंग्लादेशी तो नहीं!

# थावे जंक्शन की बढ़ाई गई सुरक्षा



**थावे (गोपालगंज), 07 मई (तरूणमित्र)।** पूर्वोत्तर रेलवे के थावे जंक्शन पर विशेष सुरक्षा बढ़ा दी गई है. रेल थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पूरे देश में अलर्ट को देखते हुए रेल थाना क्षेत्र के सभी स्टेशनों पर सतर्करता बरती जा रही है. ट्रेनों में संघन जांच के साथ ही जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. लाउड स्पीकर के माध्यम से आने जाने वाले यात्रियों को नशाखुरानी गिरोह के खिलाफ जागरुक किया जा रहा है. यात्रियों को ट्रेन में सफर करते हुए किसी भी अनजान व्यक्ति का दिया हुआ खाद्य पदार्थ एवम पीने वाले सामग्री नही लेने की अपील की जा रही है. यात्रा के समय अपने सामानों पर स्वंय ध्यान देने की अपील की जा रही है. किसी अफवाह से बचने की सलाह दी जा रही है।

ट्रेन, स्टेशन परिसर के साथ ही सकुर्लेटिंग एरिया में यात्रियों की सघन जांच पड़ताल की जा रही है. रेल थानाध्यक्ष बताया कि आने जाने वाले यात्रियों को सुरक्षा की दृष्टि से मेटल डिटेक्टर से सघन जांच किया जा रहा है. ट्रेनों में सफर करते वक्त किसी भी प्रकार की परेशानी होती है,तो रेलवे द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 139 पर सूचना अविलंब दें . जानकारी मिलते ही तुरंत जीआरपी के जवान सहायता के लिए पहुचेंगे।

## भोरे के सिसई पैठान टोला इलाके में तनाव, पुलिस अलर्ट

**भोरे (गोपालगंज), 07 मई (तरूणमित्र)।** गोपालगंज जिले के भोरे थाना क्षेत्र के सिसई पैठान टोला गांव में मंगलवार देर शाम उस समय सनसनी फैल गयी जब एक युवक की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गयी . मृतक की पहचान सिसई पैठान टोला निवासी कमाल खान के तेइस वर्षीय पुत्र कैफ खान के रूप में हुई है. इस घटना ने पूरे इलाके में तनाव का माहौल बना दिया है. हत्या की घटना ग्रामीण बैंक के पास हुई. जानकारी के अनुसार, यह घटना सिसई बाजार स्थित ग्रामीण बैंक के पास हुई, जहां बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार किसी बात को लेकर विवाद हुआ और देखते ही देखते कैफ पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया गया. उसके शरीर पर तीन जगह चाकू के गहरे घाव पाये गये हैं जबकि एक चाकू सीने में गड़ा हुआ था. जिसे उसी अवस्था में भोरे रेफरल अस्पताल लाया गया. डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.तीन आरोपित हिरासत में लिए गए हैं. जिनकी पहचान थाना क्षेत्र के हरिराम यादव, आशीष यादव और बबलू यादव के रूप में हुई है. चौंकाने वाली बात यह है कि ये तीनों युवक भी घायल अवस्था में मिले हैं और उनका इलाज फिलहाल भोरे के रेफरल अस्पताल में चल रहा है. पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है, ताकि घटना के पीछे के कारणों का पता चल सके. घटना के बाद ग्रामीणों की पुलिस के साथ झड़प भी हुई है. हत्या के बाद आक्रोशित ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई, जिससे हालात तनावपूर्ण हो गये. भीड़ और पुलिस के बीच झड़प भी हुई . जिसके बाद स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए भोरे थाना सहित आसपास के थानों की पुलिस को बुलाया गया. खुद एसडीपीओ आनंद मोहन गुप्ता मौके पर पहुंचे और स्थिति को शांत किया।

## तकनीकी गड़बड़ी के चलते होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया स्थगित

**गोपालगंज, 07 मई (तरूणमित्र)।** वीएम फील्ड में आयोजित होने वाले गृहरक्षक चयन प्रक्रिया को चयनित एजेंसी की तकनीकी गड़बड़ी के कारण तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में जिलापदाधिकारी प्रशांत कुमार सी.एच. ने बताया कि चयन प्रक्रिया की नई तिथि की सूचना सभी संबंधित उम्मीदवारों को ससमय प्रदान की जाएगी. विदित हो कि 5 मई से होमगार्ड बहाली की प्रक्रिया चल रही थी . इस दौरान जिला पदाधिकारी ने तमाम अधिकारियों के साथ मिलकर एक-एक प्रक्रिया पर जांच पड़ताल किया था. जिसमें कुछ जगहों पर खामियां नजर आई थी और इसी को लेकर जिला प्रशासन ने इस बहाली प्रक्रिया को फिलहाल स्थापित कर दिया है।

## शिवपुर में महायज्ञ को लेकर के जल भरी सह शोभायात्रा निकाली

**नोखा (रोहतास), 07 मई (तरूणमित्र)।** नोखा प्रखंड के शिवपुर गांव में जलभरी सह शोभा यात्रा निकाली गई। इसकी जानकारी देते हुए कमेटी के अध्यक्ष उमेश चौहान ने बताया कि शिवपुर गांव में श्री शत चंडी महायज्ञ को लेकर की जलभरी सह शोभा यात्रा निकाली गई। शिवपुर गांव से वभनपुरवा मनिपुर , बराव होते हुए मनिपुर में जाकर के जलभरी की गई। श्रीकांत बाबा के नेतृत्व में इसका आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों द्वारा जय श्री रामका नारे लगाते हुए इसमें भाग लिया गया। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विवेक कुमार, रामलायक, पप्पू कुमार, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## चार दिव्यांग जनों को मिला दिव्यांग प्रमाण पत्र

**कोचस (रोहतास), 07 मई (तरूणमित्र)।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय पटना बिहार के द्वारा दिव्यांग बच्चों की पहचान कर उन्हें दिव्यांग का प्रमाणीकरण करने व उन्हें स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से अच्छादित करने हेतु प्रत्येक प्रखंड परिसर में 5 मई से 15 मई तक शिविर आयोजित करने का निर्देश प्राप्त है। वही स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को दिव्यांग शिविर का आयोजन कर जांच करते हुए चार दिव्यांगों को प्रमाण पत्र दिया गया। कोचस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर तुषार कुमार ने बताया कि बुधवार को पीएससी में प्रखंड स्तरीय दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान सासाराम सदर अस्पताल से आए हड्डी विभाग नेत्र विभाग के साथ अन्य विभाग के डॉक्टर ने जांच उपरांत चार दिव्यांगों को दिव्यांग प्रमाण पत्र दिया ।जिसमें दो प्रमाण पत्र हड्डी संबंधित है तथा दो प्रमाण पत्र नेत्र संबंधित दिव्यांगों को दिया गया। वहीं उन्होंने बताया कि बाकी दिव्यांग जनों को पीएससी में अन्य मशीन उपलब्ध नहीं होने के कारण अन्य स्वास्थ्य की जांच नही हुई, जिसके चलते जिला चिकित्सकों ने निर्धारित समय को सासाराम सदर अस्पताल बुलाया है। शिविर के दौरान दिव्यांगों के बैठने के लिए टेंट तथा पानी पीने के लिए उत्तम व्यवस्था किया गया था। कुछ दिव्यांगों को जांचों उपरांत दवाइयां दे घर भेजा गया।

## एसडीएम ने दो पीडीएस दुकानदारों का अनुज्ञप्ति किया रद्द

**डेहरी आन सोन, 07 मई (तरूणमित्र)।** रोहतास जन वितरण प्रणाली विक्रेता अनिल कुमार अनु 0 37/2016 जन वितरण प्रणाली निरीक्षण के दौरान कई अनियमितता पाई गई। डेहरी प्रखंड के द्वारा अनुमंडल अंतर्गत वार्ड नंबर 15 जन वितरण प्रणाली विक्रेता विश्वनाथ प्रसाद अनु0 स0 संख्या 22/2016 वार्ड न0 15 निरीक्षण के दौरान कई अनियमितता पाई गई। जांच के दौरान निर्धारित मात्रा से कम खघान्न देना लाभार्थियों का बायोमेट्रिक सत्यापन कर खघान्न वितरण नही करना स्टॉक एवं विवरण पंजी संधारित नही करना। आपुर्ति पदाधिकारी द्वारा जांच किया गया और एसडीएम को जांच प्रतिवेदन सौंपा। एसडीएम सूर्य प्रताप सिंह ने दोनो पीडीएस दुकानदारों का तत्काल प्रभाव से अनुज्ञप्ति रद्द किया गया।

# मंडल रेल प्रबंधक ने सासाराम-आरा रेलखंड का किया निरीक्षण

## विक्रमगंज व पीरो स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास कार्यों का लिया जायजा



**सासाराम, 07 मई (तरूणमित्र)।** मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने 07.05.2025 को निरीक्षण यान द्वारा डीडीयू जंक्शन से चलकर मंडल के अंतर्गत सासाराम-आरा रेलखंड का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान रेल अवसंरचना, परिचालन तथा विभिन्न यात्री सुविधाओं व कार्यों की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण क्रम में विक्रमगंज और पीरो स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत जारी विकास कार्यों का जायजा लिया गया। मंडल रेल प्रबंधक ने दोनों स्टेशन परिसरों में विकसित की जा रही यात्री सुविधाओं और कार्यों का सूक्ष्म अवलोकन किया। इसके अतिरिक्त, गढ़ नोखा एवं गड़हनी स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं, साफ-सफाई और रखरखाव की स्थिति का निरीक्षण किया गया। साथ ही रेलखंड पर स्थित कुछ अंडरपास की स्थिति का भी जायजा लिया गया।आज का निरीक्षण संरक्षा, सुरक्षा , समय पालन एवम टिकट चेकिंग का समेकित कार्यकलाप है। निरीक्षण के दौरान सबसे पहले सासाराम स्टेशन पर यात्री सुविधाओं व प्रगति पर कार्यों की जानकारी ली गई। निरंतरता के साथ आज भी सघन टिकट चेकिंग अभियान भी जारी है।

यात्रियों से अनुरोध है कि वे सदैव उचित टिकट लेकर निर्धारित श्रेणी में ही यात्रा करें और अपनी तथा सहयात्रियों की सुविधा का ध्यान रखें। निरीक्षण के समय मंडल के विभिन्न शाखा अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधानसभा की तैयारियों के निमित्त मास्टर ट्रेनर बीएलओ का प्रशिक्षण कार्य प्रारंभ

**गोपालगंज , 07 मई (तरूणमित्र)।** निर्वाचन पदाधिकारी की मौजूदगी में बुधवार 7 मई से 14 मई के बीच प्रत्येक विधानसभा में बैच वार बीएलओ के प्रशिक्षण सत्र की शुरूआत की गई.आगामी विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों के तहत गोपालगंज समाहरणालय सभागार में 25 बूथ लेवल ऑफिसर का ऑनलाइन मूल्यांकन संपन्न हो गया. यह मूल्यांकन भारत निर्वाचन आयोग के तत्वावधान में दिल्ली स्थित IIIIDEM संस्था द्वारा आयोजित प्रशिक्षण के उपरांत हुआ. राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के मास्टर ट्रेनर डॉ . शशि प्रकाश राय और सुशांत कुमार तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सुनील कुमार मिश्रा की निगरानी में सभी बीएलओ ने ऑनलाइन परीक्षा में भाग लिया. परीक्षा में शामिल बीएलओ को एएल एमटी विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में नामित किया गया जिनके स्तर से प्रशिक्षण कार्य प्रारंभ किया गया. इन एलएमटी की अगुवाई में गोपालगंज के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में 7 मई बुधवार से 14 मई 2025 तक शत-प्रतिशत बीएलओ के लिए प्रशिक्षण और मूल्यांकन सत्र आयोजित किया जा रहा है. जिला निर्वाचन पदाधिकारी प्रशांत कुमार सीएच ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित करें . प्रशिक्षण सत्रों में मतदाता सूची की शुद्धता, बीएलओ के कर्तव्य और दायित्वों के साथ-साथ बीएलओ ऐप के प्रयोग संबंधी व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई. यह पहल निर्वाचन व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, सुदृढ़ और दक्ष बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# प्रधानमंत्री के 30 मई को काराकाट में प्रस्तावित जनसभा को ले डीएम एसपी ने किया स्थल का निरीक्षण

## रोहतास को बड़ी सौगात मिलने की संभावना



**बिक्रमगंज (रोहतास), 07 मई (तरूणमित्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का काराकाट विस क्षेत्र में 30 मई को संभावित जनसभा को संबोधित करने की प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर रोहतास जिलाधिकारी उदिता सिंह, पुलिस कप्तान रौशन कुमार के साथ ही उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज अनिल बशाक, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय के अलावे प्रखंड विकास पदाधिकारी बिक्रमगंज अमित कुमार, थानाध्यक्ष ललन कुमार पूरे दलबल के साथ काराकाट विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में स्थल का निरीक्षण किया एवं जायजा ली गई।बताते चले कि जिले के प्रशासनिक अधिकारियों वो एनडीए गठबंधन से जुड़े राजनीतिक दल के नेताओं ने संयुक्त रूप से बिक्रमगंज के करियावा बाल, पटेल महाविद्यालय घोसिया खुर्द, वरना मोड़ सलेमपुर के पास खेत का मैदान, जमुआ खेल के मैदान तथा पेट्रोल पंप (गोडारी से दक्षिण )के पास का स्थल चयन हेतु निरीक्षण किया गया।

यह भी ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री का रोहतास जिले के काराकाट विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित कार्यक्रम काराकाट समेत रोहतास वासियों के लिए एक बड़ी सौगात मिलने की संभावना जताई जा रही है। विभिन्न योजनाओं - सड़क पुल पुलिया आदि से संबंधित कार्यों पर होने वाले खर्चे से संबंधित योजनाओं की जानकारी ही नहीं देंगे बल्कि उन पर खर्च होने वाली राशि की घोषणा कर कार्य रूप की तैयारी की बातें कहीं जाएगी।

एक अनुमान के मुताबिक उक्त कार्यक्रम में विभिन्न योजनाएं से संबंधित कार्यों के लिए करोड़ों की राशि की घोषणा 30 मई को घोषित होने की संभावना जताई जा रही है। स्थल निरीक्षण के इस कार्यक्रम में पुलिस प्रशासन के अलावे विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं समाज सेवियों ने हिस्सा लिया। जिसमें काराकाट के पूर्व विधायक राजेश्वर राज, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष मदन प्रसाद वैश्य, जदयू नेत्री अरुणा देवी,प्रोफेसर अमरेंद्र कुमार मिश्रा, अजय कुशवाहा, नगर मंडल अध्यक्ष नागेंद्र कुशवाहा सहित अन्य जन प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

स्वत्याधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com

# एडीएम व एएसपी के मार्ग दर्शन में बचाव का मॉक ड्रिल किया अभ्यास

**संतकबीरनगर, 07 मई (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश एवं अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जनपद के हीरालाल इण्टर कॉलेज के प्रांगण में युद्ध अथवा किसी भी आपातकालीन/संकट की स्थिति/ब्लैक आउट के दौरान/से निपटने के लिए आपदा विशेषज्ञों सहित मेडिकल टीम, फायर ब्रिगेड एवं अन्य सम्बंधित संसाधनों के साथ लाइव मॉक ड्रिल/बचाव का अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस अधिकारी/आपदा विशेषज्ञ द्वारा उपस्थित छात्र/छात्राओं, एन0सी0सी0 कैडेड एवं आम नागरिकों को युद्ध जैसे भयावय स्थिति/संकट के समय क्या करें या क्या न करें के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। बताया गया कि युद्ध की स्थिति से पहले ह्वाइवया करें और क्या ना करें की स्पष्ट गाइडलाइन्स जानना बहुत जरूरी होता है ताकि आप और आपके परिजन सुरक्षित रह सकें।



युद्ध अथवा संकट की घड़ी में क्या करें से सम्बंधित जानकारी देते हुए बताया गया कि जरूरी दस्तावेज (आधार, पहचान पत्र, जमीन कागज, बैंक डिटेल) को एक बैग में रखें। घर में प्राथमिक चिकित्सा किट, सूखा राशन, पानी, टॉर्च, बैटरियाँ और नकद पैसे रखें। मोबाइल फोन और पावर बैंक चार्ज रखें। रेडियो या सरकारी समाचार स्रोत से स्थिति की जानकारी लेते रहें। नजदीकी शरण स्थल या बंकर की जानकारी पहले से रखें। बच्चों, बुजुर्गों और विकलांगों के लिए विशेष योजना बनाएं। सभी को एक आपातकालीन योजना के बारे में बताएं। अगर संभव हो तो सुरक्षित क्षेत्र की ओर प्रस्थान करें। घर में मजबूत दीवारों के पास या नीचे शरण लें। यदि निकासी का आदेश हो तो तुरंत पालन करें जानकारी दिये जाने के दौरान यह भी बताया गया कि युद्ध अथवा संकट काल की घड़ी में हम क्या ना करें जैसे अफवाहों पर विश्वास न करें, सोशल मीडिया या अनजान स्रोतों से मिली खबरों को सत्य माने बिना न फैलाएं। बिना योजना के बाहर न निकलें, बाहर निकलना खतरनाक हो सकता है। केवल जरूरत पड़ने पर और सुरक्षा सुनिश्चित करके ही जाएं। ध्यान भटकाने वाले काम न करें, युद्ध की स्थिति में अनुशासन बहुत जरूरी है। लापरवाही जानलेवा हो सकती है। हथियार या संदिग्ध वस्तु छूने से बचें, किसी भी विस्फोटक या संदिग्ध. वस्तु को न छुए, तुरंत प्रशासन को सूचित करें। भीड़भाड़ वाले इलाकों से बचें, खुले बाजार या स्टेशन जैसे क्षेत्रों में रहने से खतरे की सम्भावना बढ़ जाती है अतः ऐसे स्थिति में अनावश्यक घर से बाहर न निकलें इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खलीलाबाद शैलेश कुमार दूबे, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अजीत चौहान, आपदा विशेषज्ञ, आपदा मित्र, एन0सी0सी0 कैडेड, छात्र/छात्राएं, सहित सम्बंधित अधिकारी एवं शिक्षकगण आदि उपस्थित रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र बंजरिया में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**बस्ती, 07 मई (तरुणमित्र)।** कृषि विज्ञान केंद्र, बंजरिया में धान की सीधी बीजाई (डीएसआर) क्लस्टर निर्माण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें अटारी कानपुर, उपकार, इरी, यूपी सीड, जैन इरीगेशन, किसान क्राफ्ट, बायर, वराह एवं ग्रो इंडीको जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्र प्रभारी डॉ. पी. के. मिश्रा ने किया।उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में डीएसआर तकनीक को जल संरक्षण, श्रम लागत में कमी और पर्यावरणीय अनुकूलता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर इसका व्यावसायिक रूप से प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित विश्व बैंक की टेक्निकल लीड डॉ. अंजलि पारसनिस ने डीएसआर क्लस्टर की





उपयोगिता एवं दीर्घकालिक लाभों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह तकनीक वर्तमान कृषि संकटों का व्यवहारिक समाधान प्रस्तुत करती है।डॉ. बी. बी. सिंह (वैज्ञानिक जीपीबी) ने बीज चयन एवं उन्नत किस्मों की भूमिका पर जानकारी दी। डॉ. प्रेम शंकर (पादप सुरक्षा वैज्ञानिक) ने डीएसआर पद्धति में बीज शोधन के साथ रोग-कीट प्रबंधन की रणनीतियों पर प्रकाश डाला। आर. वी. सिंह (कृषि प्रसार वैज्ञानिक) ने डीएसआर तकनीक को किसानों तक पहुँचाने के लिए विस्तार एवं प्रचार-प्रसार की योजनाओं पर चर्चा की। हरिओम मिश्रा (एग्रोनॉमी विशेषज्ञ) ने डीएसआर की खेत तैयारी, सिंचाई प्रबंधन एवं पोषण प्रबंधन संबंधी तकनीकी बिंदुओं की जानकारी दी। डॉ. अंजलि वर्मा (गृह विज्ञान विशेषज्ञ) ने धान उत्पादन से संबंधित मूल्यवर्धन, धान आधारित उत्पादों की तैयारी एवं महिला किसानों की भूमिका पर विचार साझा किए।

# गौ-आश्रय स्थलों के लिए भूसा जुटाने को बनाएँ समन्वय-कमिश्नर

**गोण्डा, 07 मई (तरुणमित्र)।** देवीपाटन मंडल के कमिश्नर शशि भूषण लाल सुशील ने मंडल के चारों जनपदों गोंडा, बहराइच, बलरामपुर एवं श्रावस्ती के जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गौ-आश्रय स्थलों की आवश्यकता की पूर्ति हेतु किसानों से अधिकतम भूसा दान में प्राप्त कर उसका सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार यह कार्य समयबद्ध ढंग से और प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। कमिश्नर ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि वर्तमान समय में गेहूँ की मड़ाई का कार्य प्रायः पूरा हो चुका है और किसान अपने खेतों से भूसा निकाल चुके हैं। यह समय भूसा संग्रहण के लिए अत्यंत उपयुक्त है। ऐसे में जिला प्रशासन को चाहिए कि वह स्थानीय किसानों, समाजसेवियों व संगठनों से समन्वय स्थापित कर अधिकाधिक भूसा दान में प्राप्त करें।कमिश्नर ने बलरामपुर जिले के भूसा संग्रहण प्रयासों की विशेष रूप से सराहना की है। उन्होंने बताया कि बलरामपुर में अब तक 834.00 कुंतल भूसा विभिन्न दानकर्ताओं से प्राप्त किया गया है, जो एक अनुकरणीय प्रयास है। इसी प्रकार गोंडा जनपद में भी जिलाधिकारी के प्रयासों से बड़ी मात्रा में भूसा प्राप्त हुआ है और यह कार्य लगातार जारी है। कमिश्नर ने निर्देश दिया है कि सभी जिलाधिकारी इस कार्य को गंभीरता से लें और शासन की मंशा के अनुरूप समर्पित भावना से भूसा संग्रहण की प्रक्रिया पूरी करें। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक जिले से भूसा संग्रहण की अद्यतन सूचना शीघ्र अधोहस्ताक्षरी को भेजी जाए।

इस निर्देश का उद्देश्य गौ-आश्रय स्थलों में गोवंश के लिए चारे की पर्याप्त व्यवस्था करना है, जिससे ग्रीष्मकाल में चारे की कमी से किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। मंडलायुक्त ने कहा है कि इस अभियान में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

# जाति जनगणना के निर्णय को भाजपाईयों ने सराहा,एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जताई खुशी

**तमकुहीराज/कुशीनगर, 07 मई (तरुणमित्र)।** भारत सरकार द्वारा जाति जनगणना कराए जाने के निर्णय को भाजपाईयों ने सराहनीय बताया और सरकार के इस निर्णय पर एक दुसरे को मिठाई खिला कर शुभकामनाएं दी।सनद रहें की मंगलवार के दिन वरिष्ठ भाजपा नेता,पूर्व विधायक प्रत्याशी संजय गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने सरकार द्वारा लिए गए जाति जनगणना के निर्णय को सही और सरकार की दूरगामी सोच बताया,सरकार के इस निर्णय पर एक दुसरे को मिठाई खिलाकर प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। भाजपा नेता संजय गुप्ता उपस्थित युवाओं व अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा भारत सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय से देश में रहें हर वर्ग की वास्तविक स्थिति पता चलेगी। आगे श्री गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री के इस निर्णय से ओबीसी वर्ग को फायदा होगी।एक सवाल के जबाब में भाजपा नेता ने कहा की विपक्ष आज तक सरकार पर आनाप सनाप आरोप लगाता रहा है, बावजूद





देश की जानता सब जान रही हैं।वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष डाक्टर मुन्ना गुप्ता ने कहा की भाजपा सरकार ने जाति जनगणना कराने के निर्णय को लेकर भारतीय राजनीति में इतिहास रच दिया,सरकार के इस निर्णय पर सम्पूर्ण ओबीसी समाज में खुशी की लहर हैं।इस दौरान अवधेश पटेल,भीम गुप्ता, शोहन चौहान,संजय गुप्ता, सूर्यदेव कुशवाहा, चंद्रशेखर साहनी,कमलेश यादव, पवन कुशवाहा,अनुजप्रताप कुशवाहा, मुशर्रफ आलम, राजन गोड़,हरेंद्र गुप्ता आदि लोग मौजूद रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### आपरेशन सिन्दूर से खुशी की लहर विश्व हिन्दू महासंघ ने बाटी मिठाई

**बस्ती, 07 मई (तरूणमित्र)।** भारतीय सेना द्वारा आपरेशन सिन्दूर के द्वारा पाकिस्तान के आतंकी अ्डड्ो को तबाह कर दिये जाने से खुशी की लहर है। बुधवार को पाकिस्तान पर किये गये आपरेशन सिन्दूर को लेकर विश्व हिंदू महासंघ ने जिला अस्पताल चौराहे पर जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दिया। अखिलेश सिंह ने कहा कि देश ने पहलगाम में हुये आतंकी हमले का बदला ले लिया है। यदि आरेशन सिन्दूर के बाद पाकिस्तान ने कोई हरकत किया तो उसे इससे बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देने का जो वादा किया था उसे पूरा कर दिया।कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य देवेन्द्र प्रतापसिंह ने कहा कि भारत ने आतंकवाद को कड़ी चुनौती देकर पाकिस्तान को सबक सिखा दिया है।एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियों को साझा करने वालों में मुख्य रूप से दिग्विजय सिंह, मनोज सिंह, सौरभ तिवारी, किशु गुप्ता, अमर सिंह, राजेश सिंह, हरीश सिंह, अमित सिंह, राकेश सिंह, विपिन सिंह, अर्पण श्रीवास्तव, उपेन्द्र सिंह, जय सिंह, जमुना प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

### सरकार स्वरोजगार के माध्यम आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऋण मुक्त पांच लाख रुपये देगी

**उतरौला/बलरामपुर 07 मई (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत मंगलवार को विकास खंड के सभागार में आयोजित शिविर में 20युवाओं ने आवेदन किया गया।शिविर में मौजूद मुकेश मिश्र व आलोकित श्रीवास्तव ने युवाओं का मार्गदर्शन कर आन लाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी कराई है। सहायक प्रबंधक उद्योग अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि 21से40 वर्ष के युवक युवतियों को स्वरोजगार के लिए पांच लाख रुपए का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जा रहा है।वे स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बनाने के साथ साथ अन्य लोगों को रोजगार मुहैया कराएगी।युवा उद्यमी योजना में उत्पाद (मैन्यूफैक्क्रिंग) में राइस मिल बेकरी उद्योग आदि व सेवा क्षेत्र में टेंट हाउस,मैरेज लॉन,ऑटो सर्विस सेंटर,ब्यूटी पार्लर व सैलून आदि के पांच लाख रुपए तक का ऋण दिया जाएगा।

### अवैध कब्जा हटवाने की मांग: बजरंग दल ने सौपा ज्ञापन

**बस्ती, 07 मई (तरूणमित्र)।** बुधवार को बजरंग दल के जिला संयोजक मन मोहन त्रिपाठी, जिला गौरक्षा प्रमुख स्नेह पाण्डेय के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी सदर को सम्बोधित ज्ञापन देकर एडीएम को सौंपा। मांग किया कि वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के गढवल गांव में सार्वजनिक पूजा की भूमि काली स्थान से अवैध कब्जा और अतिक्रमण खाली कराया जाय।ज्ञापन में कहा गया है कि वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के गढवल गांव में सार्वजनिक पूजा की भूमि काली स्थान गाटा संख्या 45 च पर गांव के कुछ भू- माफियाओं ने जबरिया कब्जा कर लिया है। इससे लोगों को असुविधा हो रही है। बजरंग दल पदाधिकारियों ने मांग किया कि अवैध कब्जे को हटवाया जाय।ज्ञापन देने वालों में धर्मेन्द्र कन्नौजिया, राहुल कुमार, अनिल प्रजापति, राजन मिश्रा, दुर्गा प्रसाद, नितेश कुमार, रामऔतार, मंगेश शर्मा, पवन पाण्डेय, कृष्ण औतार, कृष्ण कुमार शर्मा, आदि शामिल रहे।

### तेज रफ्तार कार व बाइक भिड़ंत में बाइक सवार दो गंभीर घायल

**मेहनवन (गोंडा), 07 मई (तरूणमित्र)।** मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को बीती रात धानेपुर थाना क्षेत्र के आनंदनगर चौराहे के पास दो बजे रामनगर बाजार की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने दुबिहाघाट के तरफ से आ रही बाइक सवार को टक्कर मार दी।बाइक पर सवार मिश्रनपुरवा दुल्हापुर बनकट के रहने वाले संजय और राहुल पुत्रगण नन्के को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों दूर जा गिरे। राहुल को गंभीर चोटें आईं।हादसे में कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक दुकान में जा घुसी। दुकान में लेटे हुए डेबरीकला निवासी छेदीलाल पुत्र राजाराम को भी गंभीर चोटें आईं। कार श्रीराम यादव की चाय की दुकान में भी घुस गई।दुर्घटना में दुकान का स्टील का काउंटर टूट गया और सारा सामान बिखर गया।

### अवैध अतिक्रमण हटाने की प्रशासनिक कार्यवाही संपन्न

**तरबगंज गोंडा, 07 मई (तरूणमित्र)।** उप जिलाधिकारी तरबगंज श्री राजीव मोहन सक्सेना के निर्देशन में तहसील तरबगंज के ग्राम बरौली, परगना ग्वारिच, थाना उमरीबेगमगंज स्थित गाटा संख्या 1676, रकबा 0.809 हेक्टेयर शासकीय भूमि, जो अभिलेखों में ₹स्कूल फार्मर₹ के रूप में दर्ज है, से अवैध अतिक्रमण को नियमानुसार हटाने की कार्यवाही सफलतापूर्वक संपन्न की गई।पूर्व में की गई पैमाइश के दौरान उक्त भूमि पर अवैध अतिक्रमण की पुष्टि हुई थी, जिस पर उप जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था।

# आलोक व शिखर भारत गौरव सनातन सम्मान से हुए सम्मानित

**गोरखपुर, 07 मई (तरूणमित्र)।** लखनऊ में आयोजित विश्व हिन्दू रक्षा परिषद द्वारा सनातन संस्कृति के संरक्षण,संवर्धन एवं जीवंत रखने के पुनीत उद्देश्य से आयोजित ₹भारत गौरव सनातन सम्मान समारोह₹ में समाजसेवी आलोक गुप्ता व विश्व हिंदू रक्षा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष शिखर गुप्ता सम्मानित हुए।इस अवसर पर विश्व हिदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय द्वारा मानव शिक्षा सेवा संस्था के प्रबंधक आलोक गुप्ता को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वहीं विश्व हिंदू रक्षा परिषद उत्तर प्रदेश अध्यक्ष शिखर गुप्ता को अयोध्या हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय महासचिव, पैराग्वे साउथ अमेरिका इंद्रेश सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्राजील देश संजीव



शर्मा, पूर्व सांसद एवं सदस्य विधानसभा, नेपाल केदारनंदन चौधरी, वाराणसी के पूज्य स्वामी सतुआ बाबा महाराज, पूर्व सांसद संत, अयोध्या डॉ० राम विकास वेदांती, हनुमान गढ़ी अयोध्या के महंत राजू दास, अंतर्राष्ट्रीय धमार्चार्य जगद्गुरु आचार्य देवमुरारी बापू, राष्ट्रीय अध्यक्ष न्यूयार्क अमेरिका राकेश पल चोपड़ा, राष्ट्रीय अध्यक्ष मलेशिया पवन कुमार, न्यायाधीश, अध्यक्ष राज्य उपभोक्ता आयोग उत्तर प्रदेश सुशील कुमार त्यागी, राष्ट्रीय महामंत्री राहुल सिंह एवं विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आतंकियों पर हमला ,उत्साह व उमंग से दौड़ी खुशी की लहर

**कुशीनगर, 07 मई (तरूणमित्र)।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 9 आतंकी ठिकानों पर देर रात ड्रोन और मिसाइल हमला कर 100 से अधिक आतंकवादियों को मौत की नींद सुला देने की खबर मिलते ही पूरे देश मे उत्साह और उमंग की लहर दौड़ पड़ी। इसी क्रम में आज नगरपालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने समर्थकों और युवा साथियों के साथ पटाखों और आतिशबाजियों के बीच पूरे नगर में भारत माता के जयकारों के साथ रैली निकाली। सैंकड़ों की संख्या में आये उत्साही युवकों के नारों और आतिशबाजियों के बीच नगर का हर क्षेत्र भारतीय सेना की जयजयकार के नारों से गूँज उठा। पालिकाध्यक्ष श्री जायसवाल के साहबगंज स्थित निज निवास से धर्मशाला रोड होते हुए तिलक चौक, कोतवाली रोड, कसेरा टोली चौक, जलकल भवन, सुभाष चौक, रामकोला रोड, बावली चौक, साहबगंज होते हुए यात्रा का समापन हुआ। मीडिया द्वारा



बातचीत के क्रम में नपाध्यक्ष श्री जायसवाल ने बताया कि कल देर रात हुई कार्यवाही से भारतीय सेना ने पूरे विश्व को दिखा दिया है कि हमारी तरफ आंख उठाने वाले को हम मिट्टी में मिलाने का सामर्थ्य रखते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल सहित तीनों सेनाओं के सेनानायकों और वीर भारतीय सैनिकों को इस बड़ी कार्यवाही का सूत्रधार बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारा भारत देश आज सुरक्षित हाथों में है। बीते दिनों इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा हिन्दू पर्यटकों को धार्मिक आधार पर चुनचुन कर हत्या करने के बदले की कार्यवाही में 9 ठिकानों पर हमला व 100 से अधिक जिहादियों को मिट्टी में मिलाने को संतोषजनक बताने के साथ ही उन्होंने कहा कि अभी ये शुरूआत मात्र है। आने वाले दिनों में इस तरह की और बड़ी कार्यवाही होनी है और चुन चुन कर सभी आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने की रणनीति पर सरकार काम कर रही है। इस दौरान उनके साथ कुंदन सिंह, आकाश वर्मा, मंथन सिंह, दिव्यांश शर्मा, हरिमोहन जायसवाल,गौरव रौनियार, कुलदीप जायसवाल, मानस मिश्र, रामु पाण्डेय, रितेश जायसवाल,संजय साहा, भोलू यादव,विनय गौड़,अमन मोदनवाल,संतोष यादव,दीनदयाल मद्धेशिया, अजय जायसवाल, रवि शर्मा, भोला साहा, सन्नी सिंह,आशीष गुप्ता,अरुण सिंह, विनय मद्धेशिया,अनूप गौड़,अजय शर्मा, अभय मारोदिया,जय वर्मा, अंशु जायसवाल,दिनेश यादव, पिंटू साह, समीर चौधरी,हरिन्द साह,बबलू शर्मा, छोटू साह, अमर शर्मा, मनीष सिंह, सुगंध सिंह, केदार गुप्ता, मुरारी पटेल,संजय सिंघल,सहित सैकड़ों की संख्या में समर्थक व आमजन उपस्थित रहे।

# गुरवलिया व्यापार मंडल ने सौंपा तमकुहीराज एसडीएम को ज्ञापन

**राजापाकड़/कुशीनगर, 07 मई (तरूणमित्र)।** बुधवार के दिन गुरवलिया व्यपार मंडल के अध्यक्ष विनोद यादव के नेतृत्व में गुरवलिया के व्यपारियो ने बाजार में प्रवाहित हो रही जर्जर तार पोल से बिजली व उससे हो रही घटनाओं के सम्बंध मे मुख्यमंत्री, ऊजार्मंत्री,व जिलाधिकारी को सम्बोधित एक ज्ञापन तमकुहीराज एसडीएम को सौंपा।सनद हो की गुरवलिया बाजार में वर्षों पूर्व लगे तार व पोल से आये दिन घटनाएं होती रहती है।जिसके सम्बंध में गुरवलिया व्यपार मंडल समय समय पर विभाग को अवगत करता रहता है उसके बावजूद भी विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं किया जाता हैं।बताते चलें की मंगलवार के दिन भी



गुरवलिया बाजार में एक व्यक्ति के घर पे मांगलिक कार्यक्रम के दौरान ग्यारह हजार हाईटेंशन तार गिर गया जिसके चपेट में मांगलिक कार्य को सम्पादित कराने गए पुरोहित की मौत हो गई, जिसके बाद मौजूदा ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा था।व्यपार मंडल का कहना है विभाग समय रहते सजग हो गया होता तो ऐसी घटना नहीं घटती, तो वही इस घटना से स्थानीय लोगों में रोश व्याप्त है। तमकुहीराज उपजिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में गुरवलिया के व्यपारियो ने मांग किया है की बाजार में प्रवाहित हो रही जर्जर तार पोल से बिजली को अबिलम्ब बदला जाय,हाईटेंशन तार वायर की व्यवस्था सुनिश्चित हो, मृतक के आश्रितों को दस लाख की मुवावजा दिया जाय,पूर्व में इससे शिकार हुए व्यक्तियो को मुवावजा दिया जाय, गुरवलिया बाजार में अग्निशमन विभाग का आफिस बनाया जाय, कमजोर तार लगाने वाले के खिलाफ कारर्वाई हो,घायल व्यक्तियों को भी आर्थिक मुवावजा दिया जाय। इस दौरान जिलापंचायत सदस्य राजन शुक्ला,कांग्रेसी नेता धर्मेंद्र सिंह,व्यपार मंडल अध्यक्ष अमरनाथ जायसवाल,चंदन शिवशंकर मद्धेशिया आदि के साथ तमाम व्यपारी मौजूद रहे।

## सपा की मासिक बैठक संपन्न

**देवरिया, 07 मई (तरूणमित्र)।** सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष व्यास यादव की अध्यक्षता व जिला महासचिव मंजुर हसन के संचालन मे मासिक बैठक आहुत हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने, पार्टी स्तर पर जातीय जनगणना कराने पर विचार किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा की मजबूत संगठन ही सत्ता तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त करता है। मजबूत संगठन के अभाव में न तो हम अपने समाज का भला कर पाएंगे न सत्ता मे अपनी हिस्सेदारी कर पाएंगे। अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए जनपद मे संगठन को मजबूत बनाने मे हम सबकी सक्रिय सहभागिता नितांत आवश्यक है। श्री यादव ने कहा कि अखिलेश यादव जी के संघर्षों की वजह से ही आज भारतीय जनता पार्टी घुटने टेक कर जातीय जनगणना कराने को मजबुर हुई है। संगठन स्तर पर हम जातीय जनगणना के आंकडे जुटाएंगे साथ कोई धोखेबाजीं न कर सके ।

# एक देश, एक चुनाव के लिये संगोष्ठी में विमर्श

**बस्ती, 07 मई (तरूणमित्र)।** बुधवार को चन्द्रगुप्त मौर्य प्रभावंश महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बनकटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम मिशन ह्वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र, वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम के जिला संयोजक पवन कसौधन, मुख्य वक्ता तथा महादेवा विधानसभा के निवर्तमान विधायक रवि सोनकर व वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश प्रसाद शुक्ल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस दौरान उपस्थित महाविद्यालय की छात्राओं एवं क्षेत्रीय लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन कसौधन ने कहा कि साल 1952 से लेकर 1967 तक संपूर्ण भारतवर्ष में लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव एक साथ आयोजित हुआ करते थे, लेकिन क्षेत्रीय पार्टियों की आपसी कटुता की वजह से 1967 के बाद लोकसभा एवं विधानसभा में त्रिशंकु गठबंधन होने की वजह से भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त पंचवर्षीय चुनाव प्रक्रिया में व्यवधान आने लगा और मध्यावधि चुनाव होने के साथ-साथ पूरे देश में हर साल चुनाव होने लगा, जिससे सरकार के राजस्व की हानि होने लगी और विकास कार्य बाधित होने लगा।महादेव के निवर्तमान विधायक एवं मुख्य वक्ता रवि सोनकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है कि वर्ष 2047 तक हमारा देश पूरी दुनिया में विकसित राष्ट्र के रूप में जाना जाए और इसके लिए पूरे देश में वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम का आयोजन होना जरूरी है,जिससे जनता सहित सरकार को बार-बार चुनाव में नहीं जाना पड़ेगा और राष्ट्र का संपूर्ण विकास होगा।

# दर्ज मुकदमे की शिकायत पर एसपी ने सीओ नगर को सौंपी जांच

**गोंडा, 07 मई (तरूणमित्र)।** पुलिस द्वारा थाने पर समझौता करने के बाद भी लोग बात नहीं मानते हैं और एक पक्ष दूसरे पक्ष पर आरोप प्रत्यारोप लगाते रहते हैं,मौका पाते ही एक दूसरे के ऊपर मुकदमा लिखा देते हैं,ताजा मामला कोतवाली नगर क्षेत्र से जुड़ा हुआ है,जहां पर 6 माह पहले पुलिस ने दो पक्षों का समझौता कराया था लेकिन बात नहीं माना, नगर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले सूबेदार तिवारी ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक के जनता दर्शन में मुलाकात कर आरोप लगाया है कि विपक्षी अनिल कुमार मिश्रा निवासी तुकार्डीहा थाना कोतवाली देहात द्वारा जमीन संबंधित पैसे लेनदेन को लेकर कोतवाली नगर में दिनांक 27-11-2024 को समझौता हुआ था, दोनों पक्ष अपने-अपने घर चले गए,अनिल समझौता ना मानते हुए सोशल मीडिया फेसबुक पर प्रार्थी उनके तीन भाई व बीवी बच्चों के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने लगे,पूर्व में मौजूद नगर कोतवाल मनोज पाठक से शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई, छः माह बीत जाने के बाद अनिल ने फर्जी दस्तावेज तैयार किया प्रार्थी व उनके तीन भाई पर मुकदमा दर्ज हो गया। मुकदमा दर्ज होने की जानकारी होने पर प्रार्थी ने बुधवार को एक शिकायती पत्र लेकर एसपी से मुलाकात किया, आप बीती सुनाई,एसपी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए,पूरे मामले की जांच क्षेत्राधिकार नगर आनंद राय को सौंपी है,क्षेत्राधिकार आनंद राय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शिकायती पत्र मिला है जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी,जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# ऑपरेशन सिंदूर के दृष्टिगत आपातकालीन स्थिति से निपटने को कराया सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल

**बस्ती, 07 मई (तरूणमित्र)।** ऑपरेशन सिंदूर के दृष्टिगत जिलाधिकारी बस्ती रविश गुप्ता व पुलिस अधीक्षक बस्ती अभिनन्दन की अध्यक्षता में आपातकालीन स्थिति जैसे युद्ध, आतंकी हमला या अन्य गंभीर संकट/ आपात स्थिति से निपटने हेतु किए जाने वाले सुरक्षात्मक उपायों/ बरती जाने वाली सावधानियों आदि के संबंध में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बस्ती प्रांगण में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन कर निम्नांकित बातों के संबंध में जागरुक किया गया`जैसे सायरन बजने पर नागरिको को सुरक्षित स्थान पर पहुँचने हेतु बताया गया,बम फटने के पश्चात चपेट में आये नागरिकों को प्रशासन व मेडिकल टीम द्वारा तत्काल सहायता उपलब्ध करायी जाएगी,फायर सर्विस टीम बस्ती द्वारा आग लगने पर जान-माल आदि के बचाव के संबंध में जानकारी देते हुए आग को बुझा कर सुरक्षित रहने व आस-पास के लोगों को सुरक्षा/ सहयोग प्रदान करने के संबंध में



जागरुक किया गया,आपातकालीन स्थिति के समय सायरन बजने पर घर, दूकान, वाहन, मोबाइल का फ्लैश लाइट आदि के लाइटो व बिजली उपकरणों को तुरंत बंद कर देना है,घर व दूकान आदि की खिड़कियों व दरवाजों को तत्काल बंद कर अपने गाडियों के हेडलाइट व इंडिकेटर आदि को बंद रखना है,घर के समस्त सदस्यों यथा विशेष कर बुजुर्गों, बच्चों व दिव्यांगजनों को किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दें एवं यदि कोई घर से बाहर या यात्रा कर रहे हैं तो निकटम किसी सुरक्षित स्थान पर जाकर स्थिर हो जाना है,मूलभूत जरुरत की दवाइयों, खाद्य सामाग्री, टॉर्च आदि समान पहले से तैयार कर के रख लेना है,शासन-प्रशासन द्वारा समय-समय पर दिए जा रहे निदेशों को रेडियो, टी0वी0, मोबाइल या अन्य माध्यमों से सुनते रहें।

## सेना ने ढेर किया पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने, पटाखे फोड़कर बढ़ाया मनोबल

**बस्ती, 07 मई (तरूणमित्र)।** आतंकवाद के विरूद्ध थल सेना, वायुसेना और नौसेना ने एकजुट होकर पाकिस्तान और पीओके में मौजूद 9 आतंकवादी ठिकानों को एक ही रात में निशाना बनाये जाने पर देशवासियों में खुशी की लहर है। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा के संयोजन में कटेश्वर पार्क के निकट पटाखे फोडकर खुशियों को साझा किया गया।भाजपा नेता अंकुर वर्मा ने कहा कि पहलगाम में आतंकवदियों द्वारा धर्म पूंछकर 26 पर्यटकों की क्रूरतम हत्या के बाद देश गुस्से में था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को भरोसा दिलाया था कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। 90 से अधिक आतंवादियों को ढेर कर सैनिकों ने पहलगाम का बदला ले लिया।

## कांग्रेस नेता के चाचा एवं भाई के निधन पर जताया शोक

**देवरिया, 07 मई (तरूणमित्र)।** कांग्रेस के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी के बड़े भाई का गंगाराम अस्पताल में निधन हो गया,एवं निर्वतमान महासचिव निलेश त्रिपाठी के चाचा बेसिक शिक्षा विभाग गौरी बाजार में अध्यापक से सेवा निवृत्त थे 75 वर्ष आयु में मंगलवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर जिला कांग्रेस कार्यालय टाउन हॉल पर शोक सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस के पूर्वी जोन के अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल, पूर्व जिलाध्यक्ष बिस्मिल्ला लारी, राधवेंद्र सिंह धर्मेंद्र सिंह, रामजी गिरी, जयदीप त्रिपाठी, संजीव कुमार मिश्रा, धर्मेंद्र पाण्डेय, भरत मणि त्रिपाठी, शिव शंकर सिंह, आनन्द देव गिरी चुन्नू, आनन्द श्रीवास्तव सोनू,राजकुमार जायसवाल, चंदू वर्मा,समीर पाण्डेय,जवाहरलाल बरनवाल, नागेंद्र शुक्ला, सुभाष राय,सुनील कुमार तिवारी, महेंद्र अंबेडकर, विजय शंकर मिश्र,रत्नेश मल्ल पिंटू,जुलेखा खातून,रीता त्रिपाठी,कमलेश मिश्रा, गिरीराज तिवारी आदि मौजूद रहे।

**यह मेरे लिए बहुत मुश्किल हो गया था**

# विराट कोहली ने खुश रहने के लिए कप्तानी छोड़ी



**बेंगलुरु, एजेंसी।** लगभग एक दशक तक भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का नेतृत्व करने और उनकी बल्लेबाजी पर रखी जा रही कड़ी निगरानी के बाद विराट कोहली ने सोचा कि अब बहुत हो गया और उन्होंने जिंदगी में खुश रहने के लिए आखिर में कप्तानी छोड़ने का फैसला किया। कोहली ने 2021 में विश्व कप के बाद टी20 कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उन्होंने आरसीबी की कप्तानी भी छोड़ दी। इसके एक साल बाद, दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद उन्होंने टेस्ट कप्तानी छोड़ दी थी।

कोहली ने कहा कि वह अपने करियर में एक ऐसे मुकाम पर पहुंच गए थे जहां लगातार ध्यान केंद्रित करना मुश्किल हो गया था। कोहली ने 'आरसीबी बोल्ड डायरीज पॉडकास्ट में कहा, 'एक समय ऐसा आया जबकि यह मेरे लिए बहुत मुश्किल हो गया था क्योंकि मेरे करियर में काफी कुछ घटित हो रहा था। मैं सात आठ साल से भारत की कप्तानी कर रहा था। मैंने 9 साल तक आरसीबी की कप्तानी की।

मैं जो भी मैच खेलता उसमें बल्लेबाजी में मुझसे काफी उम्मीद की जाती थी। उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात का एहसास ही नहीं था कि मैं ध्यान केंद्रित करने के लिए संघर्ष कर रहा हूं। अगर कप्तानी में ऐसा नहीं होता तो बल्लेबाजी में ऐसा हो रहा था। मैं हर समय इसके बारे में सोचता था। यह मेरे लिए काफी मुश्किल हो गया था और आखिर में यह मुझ पर बहुत अधिक हावी हो गया था। कोहली ने 2022 में क्रिकेट से एक महीने का ब्रेक लिया था और उस दौरान बल्ला नहीं छुआ था। उन्होंने कहा कि उनके जीवन में एक समय ऐसा भी आया था जबकि वह सार्वजनिक जीवन में खुश रहने के लिए संघर्ष कर रहे थे। इस स्टार बल्लेबाज ने कहा, 'इसलिए मैंने कप्तानी छोड़ दी क्योंकि मुझे लगा अगर मुझे इस खेल में बने रहना है तो उसके लिए मेरा खुश रहना जरूरी है। उन्होंने कहा, 'मुझे अपने जीवन में एक ऐसी जगह की जरूरत थी जहां मैं सहज होकर रह सकूं और अपना क्रिकेट खेल सकूं, बिना किसी आलोचना के, बिना यह देखे कि आप इस सत्र में क्या करने जा रहे हैं और आगे क्या होने वाला है।

भारत को अंडर-19 विश्व कप में खिताबी जीत दिलाने से किसी को सीनियर टीम में सहज प्रवेश की गारंटी नहीं मिलती है और कोहली ने कहा कि यह उनका दृढ़ संकल्प और तत्कालीन कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और कोच गैरी कर्स्टन का समर्थन था, जिसने उन्हें टीम में नंबर तीन बल्लेबाजी स्थान सुरक्षित करने में मदद की। कोहली ने कहा, 'मैं अपनी क्षमता को लेकर बहुत यथार्थवादी था क्योंकि मैंने कई अन्य लोगों को खेलते हुए देखा था। मुझे ऐसा नहीं लगा कि मेरा खेल कहीं भी उनके करीब था। मेरे पास केवल दृढ़ संकल्प था।

अगर मैं अपनी टीम को जीत दिलाना चाहता था, तो मैं कुछ भी करने को तैयार था। उन्होंने कहा, 'यही कारण था कि मुझे शुरुआत में भारत के लिए खेलने का मौका मिला। गैरी (कर्स्टन) और एमएस (धोनी) ने मुझे यह स्पष्ट कर दिया कि तीसरे नंबर पर मेरी जगह पक्की है।

कोहली ने कहा कि इन दोनों ने उन्हें अपना स्वाभाविक खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, 'इन दोनों ने मुझसे कहा आप मैदान पर जो भी करते हैं, आपकी ऊर्जा, आपकी प्रतिबद्धता, वह हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है। हम चाहते हैं कि आप अपना स्वाभाविक खेल खेलें। कोहली ने कहा, 'मुझे कभी पूर्ण मैच विजेता के रूप में नहीं देखा गया जो कहीं से भी खेल का रुख बदल सकता है। लेकिन मेरे पास यह बात थी कि मैं हार नहीं मानने वाला हूं। इसी बात का उन्होंने समर्थन किया।



## शुभमन गिल के साथ खेलना मेरे क्रिकेट करियर के लिए काफी महत्वपूर्ण रहा है : साई सुदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने माना है कि जीटी के कप्तान शुभमन गिल के साथ बीते 3 वर्ष उनके लिए खास रहे। उन्होंने ये भी कहा कि गिल के साथ खेलते हुए उनके खेल में निखार आया। आईपीएल 2025 में सुदर्शन शानदार लय में नजर आए हैं। इस सीजन में उन्होंने 10 मैचों में 504 रन बनाए, उनके बल्ले से पांच अर्धशतक भी निकले। अपनी बल्लेबाजी के दम पर जीटी प्लेऑफ की रेस में काफी आगे चल रही है। सुदर्शन ने जियो हॉटस्टार के जेन बोल्ड पर कहा कि बीते तीन वर्षों में मुझे कभी भी बल्लेबाजी के दौरान कोई परेशानी हुई तो मैंने हमेशा गिल से बातचीत की। वह बहुत अच्छे कप्तान हैं और मुझे लगता है कि वह समझते हैं कि खिलाड़ी को क्या चाहिए। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो मुश्किलों का सामना कर रहे खिलाड़ियों को मौका देते हैं। हमने मैदान पर भी बहुत अच्छा वक्त बिताया। उम्मीद है कि हम इस सीजन में भी प्यारी यादें बनाएंगे। ऑरेंज कैप को लेकर उन्होंने कहा कि देखिए, यह एक प्रक्रिया है, जब आप रन बनाते हैं तो आप ऊपर की ओर जाते हैं। मैं समझता हूं मेरा ध्यान ऑरेंज कैप पर नहीं, बल्कि मेरा ध्यान अपनी टीम के लिए अहम योगदान देने पर केंद्रित है। अगर आप अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो यह सबसे महत्वपूर्ण बात है। अगर आप ऑरेंज कैप के बारे में सोचते हैं, तो मुझे लगता है कि आपकी क्षमता कम हो जाती है। आप खुद को थोड़ा और सीमित कर लेते हैं क्योंकि व्यक्तिगत प्राथमिकताएं टीम की प्राथमिकताओं से आगे आ जाती हैं। साई सुदर्शन ने कहा कि मेरे ऊपर फ्रैंचाइजी ने जिस प्रकार से भरोसा दिखाया है, मैं उनका धन्यवाद करना चाहता हूं। आशीष नेहरा और सभी सहयोगी कर्मचारियों और टीम का धन्यवाद। फ्रैंचाइजी ने मुझ पर पहले साल से ही भरोसा किया। क्योंकि आप जहां भी जाते हैं, जिस भी टीम के लिए खेलते हैं, जब आपको सम्मान दिया जाता है तो वह आपकी जिम्मेदारी को बढ़ाता है।

## 19वें वर्ल्ड ट्विंस फेस्टिवल में भारतीय जुड़वां प्रतिभाओं ने मचाई धूम, भोपाल के ट्विंस क्लब ने बढ़ाया मान



**मोजियांग/युन्नान, एजेंसी।** भारत की संस्कृति, रंग और रचनात्मकता का अद्भुत संगम चीन के युन्नान प्रांत में देखने को मिला, जब भोपाल के प्रतिष्ठित ट्विंस क्लब भोपाल ने 19वें इंटरनेशनल ट्विंस फेस्टिवल-2025, चीन में हिस्सा लेकर भारत का नाम रोशन किया। भारत की संस्कृति, रंग और रचनात्मकता का अद्भुत संगम चीन के युन्नान प्रांत में देखने को मिला, जब भोपाल के प्रतिष्ठित ट्विंस क्लब भोपाल ने 19वें इंटरनेशनल ट्विंस फेस्टिवल-2025, चीन में हिस्सा लेकर भारत का नाम रोशन किया। 30 अप्रैल से 4 मई तक चले इस वैश्विक आयोजन में क्लब के 10 जुड़वां प्रतिभागियों ने अपने अनूठे प्रदर्शन से न सिर्फ सभी का ध्यान खींचा, बल्कि भारतीय संस्कृति की छाप भी पूरे फेस्टिवल में छोड़ दी।

भारतीय प्रतिभागियों की शानदार भागीदारी इस ऐतिहासिक आयोजन में भारत की ओर से शामिल हुए प्रतिभागी थे –

अभिषेक-अनुज खरे,
ओनी-ओनस मल्होत्रा,
ऋद्धि-सिद्धि सातपुते,
मंजरी-मयूरी अरोरा,
नित्य-निश्चय खडोदे।

इन सभी ने भारतीय परंपराओं, वेशभूषा, नृत्य और संवाद के जरिए विश्व समुदाय के समक्ष भारतीयता की गौरवगाथा प्रस्तुत की।

ट्विंस बिकम द ब्रिज एक्रॉस कलचर – संस्कृति सेतु बने जुड़वां

इस वर्ष के फेस्टिवल की थीम ट्विंस बिकम द ब्रिज एक्रॉस कलचर पर आधारित थी। कार्यक्रम में अमेरिका, इंग्लैंड, मलेशिया, नाइजीरिया, घाना, युगांडा, नेपाल, श्रीलंका सहित 20 देशों के 200 से अधिक विदेशी जुड़वां प्रतिभागी और चीन के 500 ट्विंस शामिल हुए।

# रोहित का इस्तेमाल इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर क्यों हो रहा, मुख्य कोच जयवर्धने ने खोला राज

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने सोमवार को कहा कि रोहित शर्मा को 'इम्पैक्ट सब्स्टिट्यूट के रूप में इस्तेमाल करने का फैसला पहले से तय नहीं था और ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि टीम को ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत महसूस हुई जो गेंदबाजी के साथ क्षेत्ररक्षण में बेहतरीन हो।

जयवर्धने ने बताया कि रोहित चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के विजयी अभियान के दौरान मामूली रूप से चोटिल हुए थे और टीम उनकी चोट को बढ़ने नहीं देना चाहती है। उन्होंने कहा, 'ऐसा सत्र की शुरुआत में नहीं था। जाहिर है रो (रोहित) कुछ मैचों के दौरान मैदान पर उतरे थे। श्रीलंका के इस पूर्व कप्तान ने मुंबई इंडियंस के अभ्यास सत्र के दौरान कहा, 'आप अगर टीम की संरचना को देखें, तो अधिकांश खिलाड़ी दोहरी भूमिका निभा रहे हैं। उनमें से कुछ ऐसे गेंदबाज है जिसकी जरूरत बाउंड्री के पास क्षेत्ररक्षण के लिए होती है। आपको क्षेत्ररक्षण के लिए





भी तेज दौड़ने वाले खिलाड़ियों की जरूरत होती है। रोहित चैंपियंस ट्रॉफी से मामूली तौर पर चोटिल थे, इसलिए हम यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि हम उन पर ज्यादा दबाव न डालें। हम ऐसा करने में कामयाब रहे। हमारे लिए उनकी बल्लेबाजी सबसे महत्वपूर्ण चीज है। जयवर्धने ने कहा कि रोहित ने मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह टीम के लिए 'अहम योगदान दिया है। उन्होंने कहा, 'आपने देखा होगा कि वह हमेशा डगआउट में मौजूद रहते हैं। वह टाइम आउट के दौरान मैदान में जाकर खिलाड़ियों से बातचीत करते हैं।

वह टीम में काफी सक्रिय भूमिका निभाते हैं। जयवर्धने ने स्वीकार किया कि रोहित और रयान रिकेल्टन की सलामी जोड़ी के रूप में सफलता से टीम को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा, 'सलामी जोड़ी किसी भी टीम की पारी को स्थापित करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हमारे पास जिस तरह की बल्लेबाजी लाइनअप है उस में हम अच्छी शुरुआत मिलने पर शानदार तरीके से आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा, 'रोहित ने पिछले कुछ वर्षों में ज्यादा बड़ी पारियां नहीं खेली है लेकिन वह टीम को तेज शुरुआत दिलाकर प्रभावी बल्लेबाजी कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय स्कूली खेलों में हिमाचल ने जीते 33 मेडल

**शिमला, एजेंसी।** 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेलों के बॉक्सिंग के दिल्ली में हुई। इसमें हिमाचल के अंडर-19 वर्ग में बॉक्सरों ने 2 रजत और 4 कांस्य पदक जीते। दिल्ली में बॉक्सिंग के मुकाबले हुए। स्कूलों की 68वीं राष्ट्रीय खेलों में हिमाचल के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। इन खेलों में हिमाचल के छात्र खिलाड़ियों ने अंडर-17 और अंडर-19 की हुई प्रतियोगिताओं में 33 मेडल जीते। इनमें तीन स्वर्ण पदक और छह रजत और 24 कांस्य पदक जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेलों के बॉक्सिंग के दिल्ली में हुई। इसमें हिमाचल के अंडर-19 वर्ग में बॉक्सरों ने 2 रजत और 4 कांस्य पदक जीते।

दिल्ली में बॉक्सिंग के मुकाबले हुए। अंडर-19 में ध्रुव ने 91+ किलोग्राम में रजत पदक, वरुण वर्मा 56 किलोग्राम में रजत, साहिल कुमार ने 46 किलोग्राम में तुषार ने 60 किलोग्राम में, लड़कियों में विभूति नेगी 57 किलोग्राम और सानिया राणा 66 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। स्कूलों की 68वीं राष्ट्रीय खेलों में हिमाचल के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार



रहा। इन खेलों में हिमाचल के छात्र खिलाड़ियों ने अंडर-17 और अंडर-19 की हुई प्रतियोगिताओं में 33 मेडल जीते। इनमें तीन स्वर्ण पदक और छह रजत और 24 कांस्य पदक जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। 68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेलों के बॉक्सिंग के दिल्ली में हुई। इसमें हिमाचल के अंडर-19 वर्ग में बॉक्सरों ने 2 रजत और 4 कांस्य पदक जीते। दिल्ली में बॉक्सिंग के मुकाबले हुए। अंडर-19 में ध्रुव ने 91+ किलोग्राम में रजत पदक, वरुण वर्मा 56 किलोग्राम में रजत, साहिल कुमार ने 46 किलोग्राम में तुषार ने 60 किलोग्राम में, लड़कियों में विभूति नेगी 57 किलोग्राम और सानिया राणा 66 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। पदक जीतने के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने खिलाड़ियों, उनके प्रशिक्षकों और स्कूली क्रीड़ा संगठन के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं।

इन खिलाड़ियों ने जीते मेडल

स्कूली नेशनल में पदक विजेता खिलाड़ियों में कुश्ती में सोलन के लोधीमाजरा स्कूल की प्रेमा मेहता, पंजेहरा की हर्षिता, लोधी माजरा के यादविंद्र, हमीरपुर ब्लू स्टार के रजत कुमार, रिसा मंडी के रोहित राव, सुंदरनगर मंडी जीबीएसएएसएस की श्रेया वीर यादव, कावेरी स्कूल धनोटू मंडी के शोर्यवीर चौधरी, ताइक्वांडो में डीएवी दरकोटी हमीरपुर की सृष्टि ठाकुर, बॉक्सिंग में किन्नौर के कल्पा स्कूल के हर्षित कुमार, ब्लू स्टार हमीरपुर के निखिल कुमार, जिला कांगड़ा की सुजल, मंडी के राजगढ़ स्कूल की मोनिका शर्मा, सांजी मंडी के ध्रुव, ऊना के पीएसएसएस पक्का परोह के वरुण शर्मा, बॉयज स्कूल बिलासपुर के साहिल, बॉयज स्कूल सुंदरनगर के तुषार, उर्नी स्कूल किन्नौर की विभूति नेगी, शिमला के गर्ल्स स्कूल पोर्टमोर की सानिया राणा ने मेडल जीता है। जूडो में ब्लू स्टार स्कूल हमीरपुर की कृतिका, हमीरपुर के कुठेड़ा स्कूल की अंकिता ठाकुर ने मेडल जीता।

कराश में गर्ल्स स्कूल सोलन की दीपांशी धूली, देवठी सोलन के गौरव शर्मा, चंबा के कुशनगरी स्कूल के आदित्य ठाकुर, शिमला के देहा स्कूल के अर्व हिमटा, कुल्लू के साई स्टार स्कूल के आर्यन, सोलन धर्मपुर की तानिया सेनी, हमीरपुर के कांगू स्कूल के अक्षित ठाकुर, सोलन के देवठी स्कूल की याशिका, डीएवी एसएसएस ऊना के सार्थक मंडी के धवाल स्कूल के सिद्धार्थ ठाकुर ने मेडल जीता। आर्टिस्टिक योगा के नेशनल में सुपर मेगनेट पीएस हमीरपुर की निधि डोगरा ने मेडल जीता है। टीम इवेंट में हिमाचल ने हॉकी अंडर -17 गर्ल्स और हैंडबाल अंडर-19 गर्ल्स में मेडल जीत का प्रदेश का मान बढ़ाया है।

GT के निदेशक बोले- सभी प्रक्रियाओं का पालन किया गया

# रबादा आईपीएल में वापसी के लिए तैयार

**मुंबई, एजेंसी।** गुजरात टाइटन्स के कागिसो रबादा एक महीने के निलंबन के बाद इंडियन प्रीमियर लीग में वापसी के लिए तैयार हैं और फ्रेंचाइजी के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के इस तेज गेंदबाज के मनोरंजन के लिए प्रतिबंधित दवा के उपयोग से संबंधित सभी प्रक्रियाओं का 'अक्षरशः पालन किया जा रहा है। इस साल जनवरी में एसए20 टूर्नामेंट में एमआइ केपटाउन के लिए खेलते समय मनोरंजन के लिए इस्तेमाल होने वाली प्रतिबंधित दवा के उपयोग के लिए रबादा को एक महीने के लिए निलंबित किया गया था। उन्हें एक अप्रैल को परीक्षण में विफल होने के बारे में सूचित किया गया था और दो दिन बाद टाइटन्स ने घोषणा की कि रबादा 'व्यक्तिगत कारणों से स्वदेश लौट गए हैं।



दक्षिण अफ्रीका ड्रगरहित खेल संस्थान (एसएआईडीएस) ने सोमवार को कहा कि रबादा ने 'मादक पदार्थ दुरुपयोग उपचार कार्यक्रम पूरा कर लिया है जिससे वह आईपीएल में भाग लेने के लिए उपलब्ध हो गए हैं। सोलंकी ने वानखेड़े स्टेडियम में टाइटन्स के ट्रेनिंग सत्र के दौरान कहा, 'जहां तक कल के मैच का सवाल है, तथ्य यह है कि पिछले एक महीने में लिए गए सभी निर्णयों और जो कुछ भी हुआ है उसे देखते हुए, वह अब उपलब्ध है।

उन्होंने कहा, 'कागिसो ने फैसले में त्रुटि पर खेद व्यक्त किया है लेकिन वह अपने पसंदीदा खेल को फिर से खेलने के लिए बहुत उत्सुक है। वह इससे सबक लेगा और हम उसे अभ्यास में वापस लाने के लिए उत्सुक हैं। सोलंकी ने कहा कि इस मामले में संबंधित पक्षों द्वारा सभी प्रक्रियाओं का पालन किया गया था क्योंकि 29 वर्षीय रबादा ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले से पहले गुजरात टाइटन्स के साथ ट्रेनिंग की।

# नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 के टिकटों की बिक्री शुरू

**बंगलूरू, एजेंसी।** आयोजकों की विज्ञप्ति के मुताबिक, टिकट 199 रुपये से 9,999 रुपये की रेंज में उपलब्ध है। विज्ञप्ति के मुताबिक, 44,999 रुपये की कीमत वाले पांच कॉर्पोरेट बॉक्स भी उपलब्ध हैं। नीरज चोपड़ा क्लासिक के टिकटों की बिक्री शुरू हो गई है। आयोजकों ने सोमवार को इसकी घोषणा की। इस प्रतियोगिता में नीरज चोपड़ा, थॉमस रोहलर और एंडरसन पीटर्स सहित कई ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी भाग लेंगे। यह भारत में होने वाली भाला फेंक की पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता है। 24



मई से बेंगलुरु में एनसी क्लासिक टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। आयोजकों की विज्ञप्ति के मुताबिक टिकट 199 रुपये से 9,999 रुपये की रेंज में उपलब्ध है। जोमैटो इस प्रतियोगिता का आधिकारिक टिकट भागीदार है। विज्ञप्ति के मुताबिक, 44,999 रुपये की कीमत वाले पांच कॉर्पोरेट बॉक्स भी उपलब्ध हैं। कर्नाटक ओलंपिक संघ (केओए) और युवा सशक्तिकरण और खेल विभाग (डीवाईईएस) सहित राज्य संघ और सरकारी निकाय विश्व स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन करने के लिए कर्नाटक सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

**बंगलूरू में ही क्यों हो रही प्रतियोगिता?**

नीरज चोपड़ा क्लासिक प्रतियोगिता का पहला चरण पर्याप्त रोशनी की कमी के कारण 24 मई को बंगलूरू के कांतिरावा स्टेडियम में होगा। विश्व एथलेटिक्स द्वारा इस प्रतियोगिता को श्रेणी ए का दर्जा दिया गया है यानी यह प्रतियोगिता विश्व में एथलेटिक्स की सर्वोच्च संस्था वर्ल्ड एथलेटिक्स से मान्यता प्राप्त है जिसने इसे गोल्ड लेवल का दर्जा दिया है। नीरज ने कहा, मैं चाहता था कि यह प्रतियोगिता पंचकुला में आयोजित हो, लेकिन वहां स्टेडियम में रोशनी की व्यवस्था से संबंधित कुछ मुद्दे हैं। विश्व एथलेटिक्स 600 लक्स चाहती थी, लेकिन पंचकुला में इतनी रोशनी उपलब्ध नहीं थी और इसे तैयार करने में समय लगेगा। इसलिए हमने प्रतियोगिता को बंगलूरू के कांतीरवा स्टेडियम में स्थानांतरित करने का फैसला किया है। हमारे पास वहां एक टीम है और वहां इसका आयोजन करना बहुत आसान होगा।

### कई दिग्गज लेंगे हिस्सा

इस कार्यक्रम का आयोजन नीरज और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) और विश्व एथलेटिक्स के सहयोग से संयुक्त रूप से किया जाएगा। इसमें शीर्ष वैश्विक और भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी भाग लेंगे। पीटर्स ने 2024 पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था और रोहलर के अलावा केन्या के जूलियस येगो (2016 रियो ओलंपिक में रजत पदक विजेता और 2015 विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता भी हैं) और अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन ने भी भागीदारी की पुष्टि की है। इसके अलावा एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जापान के जेनकी डीन और उभरते श्रीलंकाई रुमेश पथिरेज भी विदेशी सितारों में शामिल होंगे।